.वर्ष 13, अंक 329
गैरसैंण
सोमवार
17 अप्रैल 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित   डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये

## संपत्ति विवाद के बीच संत लापता

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित करोड़ों रुपये की संपत्ति विवाद के बीच एक संत लापता हो गए है। संत की पत्नी की शिकायत पर दर्ज हुए गुमशुदगी को मुकदमे में तरमीम किया गया है। लापता संत का दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा था। पुलिस इस मामले को विवाद से जोड़कर देख रही है। दरअसल बीते कुछ सालों से कबीर आश्रम में विवाद चल रहा था। इस बीच सच्चिदानंद गोस्वामी पुत्र साधुशरण गोस्वामी लापता हो गए। जिसके बाद आश्रम की खाली पड़ी जमीन पर काम शुरू हो गया। इस मामले में एक पक्ष की ओर से सच्चिदानंद पक्षकार थे। बीते कई महीनों ने संत का पता नहीं चल पाया है। जिसके बाद संत की पत्नी शारदा गोस्वामी निवासी हरिपुर कलां की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने संत की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने अब गुमशुदगी को मुकदमे में तरमीम कर लिया है।

## डूबते श्रद्धालु को पुलिस ने बचाया

चम्पावत। शारदा नदी में स्नान के दौरान डूब रहे एक श्रद्धालु को जल पुलिस के जवानों ने बचा लिया। रविवार को वाघो गांव, जिला संभल, यूपी निवासी 30 वर्षीय दीपक पुत्र जय प्रकाश परिजनों संग मां पूर्णागिरि दर्शन के बाद शारदा नदी में स्नान कर रहा था। शारदा घाट में तैनात हेड कांस्टेबल दिनेश कोहली ने बताया कि स्नान के दौरान पैर फिसलने युवक शारदा के तेज बहाव में बह गया। इसी दौरान जल पुलिस के जवानों ने श्रद्धालु को सकुशल बाहर निकाल दिया। बचाव टीम में गोताखोर रविंद्र पहलवान, विनोद पंत, अर्जुन सिंह, विजेता राणा शामिल रहे।

## जेल में बीमार कैदी की मौत

**सीतापुर (एजेंसी)।** सीतापुर जिला जेल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में बंद एक कैदी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक बबलू सिंह के परिजनों ने इलाज में देरी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

घटना से नाराज कुछ साथी कैदी भी भूख हड़ताल पर बैठ गए, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्रवाई के आश्वासन के बाद इसे खत्म कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित ने गुरुवार को पेट दर्द की शिकायत की थी, इसके बाद जेल के डॉक्टर की सलाह पर उसे अस्पताल ले जाया गया। उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मिट्टी में दफन हो गए माफिया ब्रदर्स अतीक और अशरफ

### बेटों समेत कई रिश्तेदार जनाजे में शामिल

**प्रयागराज, एजेंसी।** उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए गए माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात काल्विन अस्पताल के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए काल्विन अस्पताल परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था। उसी समय 10 फायर किए गए। अतीक की कनपटी पर सटाकर एक गोली मारी गई। अज्ञात वाहनों से आए हमलावरों ने सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम देने के बाद समर्पण कर दिया। घटना के बाद जिले की सीमा को सील कर दिया है। मौके पर आरएएफ को भी बुला लिया गया है।

कसारी मसारी कब्रिस्तान में देर रात 8 बजे तक माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के शव को दफना दिया गया। इसी कब्रिस्तान में अतीक के बेटे असद को भी एक दिन पहले दफनाया गया था। सुपुर्द-ए-खाक की रस्म के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

अतीक और अशरफ के सिपुर्द-ए खाक में अतीक के दोनों बेटों आबान और अैजम को कब्रिस्तान लाए गए हैं। इनके साथ अशरफ की दो बेटियां भी कब्रिस्तान में मौजूद हैं। उमेश पाल हत्याकांड के बाद दोनों को राजरूपपुर स्थित बाल गृह में रखा गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ हुआ है कि अतीक और अशरफ को तीन-तीन गोलियां लगी हैं। दोनों के शरीर में एक एक गोली फंसी मिली। एक गोली अतीक के सिर में, एक कंधे पर और एक सीने में लगी है। पेट में व नाक पर कई छर्रे लगे हैं। इसी तरह अशरफ के सिर में एक, कंधे पर एक और पेट में एक गोली लगी है।

स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के मोर्चरी में माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ के शव का पोस्टमार्टम पूरा हो गया है। इसके बाद सुपुर्द-ए-खाक की तैयारी शुरू कर दी गई है। अतीक का शव को एंबुलेंस से कसारी-मसारी कब्रिस्तान ले जाया जा रहा है। वहीं, सुपुर्द ए-खाक किया जाएगा। वहीं, थोड़ी देर में अशरफ का शव निकाला जाएगा।माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ



की हत्या करने वाले तीनों शूटर अरुण मौर्य, सन्नी सिंह और लवलेश तिवारी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या करने वाले लवलेश तिवारी, अरुण कुमार मौर्य और शनि को रिमांड कोर्ट में पेश करने की तैयारी चल रही है। कोर्ट के आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि थोड़ी देर में तीनों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट से पुलिस तीनों को रिमांड पर मांग सकती है।

माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ के शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पहले मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय में दोनों के शव का एक्स-रे करवाया गया। इसके बाद स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय स्थित मोर्चरी में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। अतीक-अशरफ को छह से ज्यादा गोलियां लगी हैं।

अतीक हत्याकांड के मुख्य आरोपित में शामिल अरुण मौर्य अपने बाबा के पास पानीपत में ज्यादातर रहता था। वह विकास नगर की किसी फैक्ट्री में चौकीदार हैं। फैक्ट्री का नाम पता नहीं है।

## अतीक-अशरफ की हत्या मामले की जांच करने के लिए न्यायिक आयोग का गठन, सरकार ने दिया 2 महीने का समय

**प्रयागराज, एजेंसी।** उमेश पाल की हत्या के आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में प्रदेश सरकार ने न्यायिक आयोग का गठन किया है। आयोग को अपनी जांच को पूरा करने के लिए 2 महीने का समय दिया गया है।

आयोग में तीन सदस्यों को शामिल किया गया है, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति माननीय अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वितीय, उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त डीजीपी आईपीएस सुबेश कुमार सिंह एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश बृजेश कुमार सोनी शामिल होंगे। आयोग सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्य करेगा। अतीक-अशरफ हत्याकांड मामले की जांच के गठित न्यायिक आयोग के संबंध में प्रदेश के गृह विभाग द्वारा औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। आयोग को जांच पूरा करने के लिए 2 महीने का समय दिया गया है। जांच पूरी करने के बाद आयोग अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। वहीं, माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या करने वाले लवलेश तिवारी, अरुण कुमार मौर्य और सनी को रविवार को दोपहर बाद रिमांड कोर्ट में पेश किए गए। कोर्ट ने तीनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब उक्त मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। बता दें कि बीते शनिवार की रात साढ़े दस बजे प्रयागराज में कॉल्विन अस्पताल के पास पुलिस हिरासत में मौजूद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या बाहरी हमलवारों ने गोली मारकर कर दी। अतीक और अशरफ के हाथ में हथकड़ी लगी हुई थी।

## आप नेता और उनके पार्टनरों से चार करोड़ की धोखाधड़ी

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय सैनी और उनके पार्टनरों के साथ चार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने ज्वालापुर निवासी मां और बेटों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि मां और बेटों ने सम्पत्ति के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से जमीन बेचने के लिए अनुबंध किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक होटल कारोबारी रवि बजाज पुत्र स्व. बृज किशोर बजाज निवासी गोविन्दपुरी कालोनी हरिद्वार, आप नेता संजय सैनी पुत्र स्व. रामानन्द सैनी निवासी न्यू हरिद्वार कालोनी, श्रवण कुमार गुप्ता पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी विवेक विहार कालोनी रानीपुर मोड हरिद्वार ने शिकायत कर बताया कि उन्होंने आर के एंक्लेव आर्य नगर ज्वालापुर निवासी सुनीता मनचन्दा पत्नी स्व. महेन्द्र कुमार, राहुल मनचन्दा और रोहित मनचन्दा पुत्रगण स्व. महेन्द्र कुमार से गुरुकुल कांगड़ी के पास स्थित भूमि का सौदा किया था। एक मई 2022 को हुए सौदे के बाद उन्होंने चार करोड़ रुपये मां और बेटों को बैंक के माध्यम से दिए थे।

## लालू के फार्मूले पर काम कर रही धामी सरकारः हरीश रावत



**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने धामी सरकार की ओर से ग्लोबल मैकेंजी कंपनी के सुझावों पर काम करने को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह ठीक वैसा ही है, जैसा लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे की जमीनों को बेचकर भारतीय रेलवे को मुनाफे में ला दिया था। बाद रेलवे को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़े थे। उन्होंने कहा कि यह फार्मूला राज्यहित में नहीं है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए पूर्व सीएम रावत ने कहा कि कंपनी के सुझाव में सरकार हल्द्वानी में हाईकोर्ट बनाने की बात कह रही है। ऐसा होने से हल्द्वानी पूरी तरह से चोक हो जाएगा। हल्द्वानी के चोक होने का मतलब है, पूरा कुमाऊं अंचल चोक हो जाएगा। देहरादून में भी सरकारी कार्यालयों की संपत्तियों को बेचकर रायपुर में नया कांप्लेक्स बनाने की बात हो रही है।

रायपुर मतलब देहरादून। यहां के रायपुर की तुलना छत्तीसगढ़ के नए रायपुर से नहीं कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ में नया रायपुर हजारों एकड़ भूमि में बन रहा है और हम एक मुट्ठी भर भूमि में रायपुर में सारे सरकारी कार्यालयों, सचिवालय, विधानसभा आदि को सीमित कर देना चाहते हैं, ताकि देहरादून के आवागमन का सारा रास्ता चोक हो जाए और देहरादून पहले से भी ज्यादा समस्या ग्रस्त हो जाए।

पूर्व सीएम ने कहा कि कल तक भू-कानून का शोर पूरे राज्य में था, अब फिर से जनता और सरकार सो गई है। सरकार शायद तब नया भू-कानून लेकर आएगी, जब गांव-गांव की जमीन बिक जाएगी। सरकार को अच्छा लग रहा है, जमीनें बिक रही हैं। प्रति व्यक्ति औसत आमदनी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा से इसके लिए आवाज उठ रही है। इस आवाज को पूरे राज्य से उठनी चाहिए।

## चारधाम यात्रा 2023: पंजीकरण पांच लाख पार, टूटेंगे कई कीर्तिमान

**देहरादून।** 22 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में पिछले साल की तुलना में श्रद्धालुओं में ज्यादा उत्साह है। केदारनाथ धाम के लिए अब तक कुल पंजीकरण की संख्या पांच लाख पार हो चुकी है। मई में बाबा केदार के दर्शन करने के लिए 3.40 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके हैं।कोविड महामारी के कारण 2020 व 2021 में चारधाम यात्रा बाधित रही। दो साल बाद 2022 में तीन मई से चारधाम यात्रा निर्बाध रूप से संचालित हुई। पूरे यात्रा काल में 46 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधामों में दर्शन कर एक नया रिकॉर्ड बनाया था। इस बार भी केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के दर्शनों के लिए तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है।इसका अंदाजा चारधाम यात्रा के पंजीकरण और केदारनाथ हेली सेवा की बुकिंग से लगाया जा सकता है। यात्रा शुरू होने में छह दिन शेष है। प्रतिदिन औसतन 30 हजार श्रद्धालु यात्रा के लिए पंजीकरण कर रहे हैं। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए अब तक 14.50 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके हैं।

### मुख्यमंत्री योगी ने फिर बुलाई आपात बैठक

## धार्मिक स्थलों के आसपास पैनी नजर रखने के निर्देश



**लखनऊ, एजेंसी।** प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई हत्या के बाद पूरे प्रदेश के माहौल के बारे में जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह फिर अधिकारियों को तलब कर लिया। अधिकारियों ने उनको बताया कि पुलिस की रात भर गश्त का नतीजा रहा कि सुबह से प्रदेश भर से किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। हालांकि मुख्यमंत्री ने उनको लगातार सतर्कता बरतने और खासकर सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास की सुरक्षा को बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री आवास पर सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई बैठक में डीजीपी आरके विश्वकर्मा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध समेत गृह विभाग एवं पुलिस के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बताया कि प्रयागराज में सुबह से पूरी तरह स्थिति काबू में है। अतीक और अशरफ के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

प्रदेश के समस्त संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की उपलब्धता बढ़ाते हुए लगातार गश्त की जा रही है।

प्रयागराज में आसपास के जिलों में स्थित पीएसी की वाहिनियों के कमांडेंट को कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए भेजा गया है। साथ ही पीएसी के कमांडो की कुछ टीमें भी लगाई गयी हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में पीआरवी की संख्या को बढ़ाया जाए। 112 यूपी की पूरे संसाधनों का उपयोग करना होगा। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयान देने वालों और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रयागराज को जितने पुलिस बल की आवश्यकता हो, मुख्यालय से उपलब्ध कराया जाए।

## हरिद्वार में अलर्ट, यूपी से सटी सभी सीमाओं पर चेकिंग अभियान

**हरिद्वार।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या के बाद हरिद्वार जिले में भी अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस की ओर से उत्तर प्रदेश से सटी सभी सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार की रात अतीक अहमद और उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जैसे ही सूचना जिले में पहुंचे तो एसएसपी ने पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट मोड पर कर दिया।

अतिसंवेदनशील अतिसंवेदनशील इलाकों में पुलिस फोर्स को गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलेभर की पुलिस ने रातभर संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में गश्त किया। वहीं, एसएसपी ने उत्तर प्रदेश से सटी जिले की सभी सीमाओं पर वाहनों की चेकिंग अभियान करने के निर्देश दिए। रविवार को सुबह से ही पुलिस ने नारसन, काली नदी, मंडावर, बालावाली चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन चेकिंग की।

साथी आने जाने वाले हर संदिग्ध पर नजर रखकर उसकी तलाशी ली। उधर, हालात को देखते हुए जिलेभर में हर थाने और कोतवाली क्षेत्र में पीएससी कंपनी की तैनात की गई है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि जिले की सभी चेकपोस्ट पर चेकिंग चलाए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में भी गस्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### बदरीनाथ-केदारनाथ धाम की राह होगी आसान

## सोनप्रयाग से कालीमठ को जोड़ेगी आठ किमी लंबी सुरंग

**रुद्रपुर।** केदारनाथ यात्रा को सरल व सुलभ बनाने के लिए सोनप्रयाग से कालीमठ होते हुए गुप्तकाशी तक वन-वे बाईपास का निर्माण होगा। इस बाईपास पर सोनप्रयाग से कालीमठ के बीच आठ किमी लंबी सुरंग बनेगी। बाईपास से कालीमठ सहित घाटी के प्राचीन मठ-मंदिरों तक भी श्रद्धालु पहुंच सकेंगे। मुख्य सचिव ने हेलीकॉप्टर से पूरी कालीमठ घाटी का हवाई निरीक्षण कर बाईपास व सुरंग निर्माण की संभावनाओं का जायजा लिया।

2013 की आपदा के बाद से केदारनाथ यात्रा को सरल, सुलभ बनाने के लिए शासन स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। एक तरफ जहां केदारनाथ को पुनर्निर्माण के तहत भव्य रूप दिया जा रहा है। वहीं, सोनप्रयाग से गौरीकुंड रोपवे का निर्माण प्रस्तावित है। अब केदारनाथ को कालीमठ घाटी से जोड़ने की



कवायद शुरू हो गई है।

इसके तहत सोनप्रयाग से कालीमठ-गुप्तकाशी तक डबल लेन बाईपास का निर्माण की योजना है। इस बाईपास पर सोनप्रयाग से कालीमठ को जोड़ने के लिए आठ किमी लंबी सुरंग बनाई जाएगी। सड़क क्षेत्र में यह सुरंग पूरे उत्तराखंड में सबसे लंबी होगी। इस सुरंग और बाईपास के बनने से केदारनाथ यात्रा को नया आयाम मिलेगा। वहीं, लोगों को रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिल जाएगी। इस बाईपास का उपयोग वन-वे के तहत किया जाएगा।

शनिवार को मुख्य सचिव डा. एसएस संधू ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के साथ कालीमठ घाटी का हवाई निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि इस योजना पर लगभग 22 सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे। केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत का कहना है कि सोनप्रयाग-कालीमठ-गुप्तकाशी बाईपास निर्माण से यात्रियों को लाभ मिलेगा।

बाबा केदार के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालु शक्तिपीठ कालीमठ, कालशिला, रूच्छ महादेव तक भी पहुंच सकेंगे।शनिवार को मुख्य सचिव ने कार्तिक स्वामी क्षेत्र का भी हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कनकचौरी से कार्तिक स्वामी ट्रैक को तीर्थाटन के साथ एडवेंचर और पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाएगा। यह उत्तर भारत में कार्तिक स्वामी का एकलौता मंदिर है।

# नागथात बिरोड़ मुंगाथात (अणदणा) अषाड़ थात को पर्यटन क्षेत्र घोषित किया जायेगाः सीएम धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नागथात (बिरौड़) जौनपुर टिहरी गढ़वाल पहुंचकर नागदेवता मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि नागथात बिरोड़ मुंगाथात (अणदणा) अषाड़ थात को पर्यटन क्षेत्र घोषित किया जायेगा। नागथात मन्दिर के प्रांगण का सौंदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण किया जायेगा। पुरोला विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत डरोगी तक मोटरमार्ग के नव निर्माण की घोषणा की गई। कुकड़सारी से भद्रीगाड़ तक मोटरमार्ग का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत ही पवित्र दिन है जब भगवान नागराजा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है और हम बहुत भाग्यशाली हैं, जो हमको इस पावन मौके पर भगवान नागराजा का साक्षात आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि हमारे मेले थोलों का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है और हमारे पूर्वजों की अपनी धरोहर को



बचाने में एवं उसके संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, उन्ही के प्रयासों से आज हमारे मेले, त्योहार और संस्कृति जीवित है। राज्य सरकार मेलों के संरक्षण, उत्तराखंड की लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने एवं उसके संवर्द्धन हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य के मेले और संस्कृति राज्य तक ही सीमित न रहे इन्हें देश विदेश में पहचान मिले इसके लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। वैश्विक पटल पर हमारी संस्कृति को एक पहचान मिले इसके लिए भी कार्य कर रहे है। दैवीय स्थानों, पूजा स्थलों, पौराणिक स्थलों को विकसित कर तीर्थाटन और पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे प्रदेश में पर्यटकों एवं चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी और पलायन पर रोक लगेगी।

उत्तराखण्ड को देश और दुनिया की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी बनाने के लिए हम निरन्तर प्रयासरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार उत्तराखण्ड के गांवों एवं युवाओं को सशक्त बनाने एवं मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। हमारे युवा आज उद्यमों को अपना कर हर क्षेत्र में काम कर रहे हैं, वहीं मातृशक्ति स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अनेक उत्पादों का निर्माण कर रही हैं, इन उत्पादों को बाजार मिले इसके लिए प्रयास कर रहे है। सुदुर गांव तक सभी सुविधाएं पहुंच सके इसके लिए कार्य किए जा रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि भगवान नागराजा का यह पौराणिक स्थल नागटिब्बा की तर्ज पर विकसित होकर पर्यटन के मानचित्र पर दर्शित होगा। देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प को पूरा करने में सभी का सहयोग प्राप्त होगा और उत्तराखण्ड देश का श्रेष्ठ राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में इस बार पिछले साल से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, उसके लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। प्रधानमंत्री जी ने बाबा केदारनाथ की धरती से कहा कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा, उस दिशा में आगे बढ़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्त्तव्य पर्थ पर उत्तराखण्ड की 'मानसखण्ड' झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो हमारे लिए गौरव की बात है।

## यूथ कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का विस्तार

**पौड़ीः** जिला कांग्रेस कार्यालय में यूथ कांग्रेस की बैठक में नगर निकाय व लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अभी से नगर निकाय व लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया गया।रविवार को यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष पौड़ी आयुष भंडारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में युवा कांग्रेस की कार्यकारणी गठित की गई। जिसमें शैलेंद्र असवाल को कल्जीखाल ब्लाक अध्यक्ष, सुखजीत सिंह ब्लॉक अध्यक्ष पौड़ी, विधानसभा सचिव अभिषेक रावत, विधानसभा महासचिव रेहान अंसारी, विधानसभा सचिव मनीष रेवाड़ी, विधानसभा सचिव शुभम कुमार, अमीर विधान सभा सचिव, जिला मीडिया प्रभारी अमन और पारस रावत को जिला सचिव बनाया गया। बैठक में आगामी होने वाले नगर निकाय व लोक सभा चुनाव की तैयारी में बूथ स्तर पर अभी से जुटने पर जोर दिया गया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित सिंह ने संगठन को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को युवा कांग्रेस से जोड़ने पर जोर दिया। कहा कि शहर की समस्याओं के लिए युवा कांग्रेस जल्द ही एक आंदोलन शुरू करेगा। इस मौके पर प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आशीष नेगी, विधानसभा उपाध्यक्ष संजना गुजराल, अंकित सुंदरियाल आदि मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस ने फूंका विधानसभा अध्यक्ष का पुतला

### शराब की दुकान खोलने को लेकर दिए गए बयान का स्पष्टीकरण नहीं देने पर रोष


कोटद्वार में विधानसभा अध्यक्ष का पुतला दहन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण द्वारा भाबर क्षेत्र के घमंडपुर में शराब की दुकान न खोलने के विरोध में आंदोलनरत महिलाओं के बीच दिए गए बयान पर अब तक स्पष्टीकरण न देने पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष का पुतला दहन करते हुए जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमितराज सिंह के नेतृत्व में तहसील तिराहे पर प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि भाबर क्षेत्र के घमंडपुर में शराब की दुकान के विरोध में आंदोलनरत महिलाओं के मध्य प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने कहा था कि शराब की दुकान खोलने के लिए नगर निगम महापौर ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है, जबकि नगर निगम का इससे कोई संबध ही नहीं है। दुकान खोलने की प्रक्रिया शासन प्रशासन के माध्यम से की जाती है।

कहा कि विधान सभा अध्यक्ष ने न तो इस बयान पर स्पष्टीकरण दिया और न ही जनता से माफी मांगी। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि विधान सभा अध्यक्ष के शीघ्र ही उक्त मामले पर स्पष्टीकरण न देने और भ्रामक बयान पर माफी न मांगने पर उनके इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन आरंभ कर दिया जायेगा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में अनिल चौधरी, सूरज कांती, सुधांशु रावत, शैलेंद्र चौधरी, मनोज बिष्ट, शुभम रावत, सुवेग जोशी, राजा आर्य, अमन धूलिया, आकाश रावत, कुनाल भाटिया और दिनेश थापा आदि थे।

## बच्चों को बताए आग से बचाव के तरीके

**पौड़ीः** पहाड़ों में गर्मियों ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। जिसको लेकर अग्निशमन विभाग और वन विभाग की सतर्क हो गया है। वहीं अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों को आग से निपटने की तकनीकी जानकारियां दी गई।एसएसपी श्वेता चौबे के निर्देशों के बाद दमकल विभाग की ओर से अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विभाग की ओर से शहर के सेंट थॉमस कांवेंट स्कूल में जाकर स्कूली बच्चों को आग से निपटने की तकनीकी जानकारियां दी गई। इस मौके पर फायर सर्विस विभाग की पुष्पेंद्र सिंह राणा व नरेंद्र कुमार ने एक मॉड ड्रिल के माध्मय से बच्चों को आग के विभिन्न अवस्थाओं के बारे में बताया।उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से आगामी 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह मनाया जा रहा है। बताया कि गर्मियों के सीजन में लगने वाली वनाग्नि भी आपदा की श्रेणी में ही आती है। जिसको लेकर सभी लोगों में इसकी जानकारी होनी अनिवार्य है। टीम द्वारा फायर एक्सटिंग्विशर्स के द्वारा डेमो देकर आग पर नियंत्रण करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक जीजो पॉलाथिंकल, प्रधानाचार्य सिस्टर प्रसादा, गीता रावत के साथ ही फायर टीम में नरेश शर्मा व जगमोहन आदि मौजूद रहे।

# डा.भीमराव अंबेडकर के नाम पर हो कोटद्वार का प्रवेश द्वार


कोटद्वार में उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते संगठन के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शैलशिल्पी विकास संगठन ने संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर के नाम पर कोटद्वार में प्रवेश द्वार बनवाने की मांग की है। कहा कि शासन-प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

संगठन के अध्यक्ष विकास आर्य ने उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। कहा कि कोटद्वार को गढ़वाल का प्रवेश द्वार कहा जाता है। लेकिन, यहां संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर के नाम पर कोई भी स्मृति स्मारक नहीं है। कहा कि आज डा.अंबेडकर के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। युवा उनके जीवन से प्रेरणा लें, इसके लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए। कहा कि कोटद्वार के कौड़िया में प्रवेश द्वार पर डा.अंबेडकर भी भव्य मूर्ति के साथ ही उनके नाम का प्रवेश द्वार बनाया जाना चाहिए। इसके लिए संस्था ने एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने हस्ताक्षर करते हुए योजना पर गंभीरता से कार्य करने की मांग उठाई थी।

# बाघ ने सेवानिवृत्त शिक्षक को बनाया निवाला, घर से दूर गदेरे में मिला अधखाया शव

### नैनीडांडा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम भैडगांव की घटना, घर में अकेले रहते थे पूर्व शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नैनीडांडा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम भैडगांव (सिमली)में बाघ ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक को अपना निवाला बना दिया। गांव से करीब पचास मीटर दूर पूर्व शिक्षक का अधखाया हुआ शव बरामद हुआ। पूर्व शिक्षक घर में अकेले ही रहते थे। ग्रामीणों ने पूर्व शिक्षक के परिवार को घटना की सूचना दी।

ग्राम भैडगांव (सिमली)निवासी पूर्व शिक्षक रणवीर सिंह (72) के परिवार के सदस्य गाजियाबाद में रहते हैं। इन दिनों रणवीर सिंह गांव के घर में अकेले ही रह रहे थे। शनिवार शाम वह शौच के लिए घर से बाहर निकले थे। लेकिन, देर रात तक भी वापस नहीं लौटे। शाम के समय स्वजन उन्हें फोन भी कर रहे थे।

लगातार फोन करने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो परिजनों ने अन्य ग्रामीणों को फोन कर उनकी सुध लेने को कहा। ग्रामीण जब घर पर पहुंचे तो रणवीर वहां मौजूद नहीं थे। देर रात तक ग्रामीण रणवीर की खोज करते रहे।

लेकिन, उनका कुछ पता नहीं चला पाया। वहीं, रविवार सुबह घर से करीब 50 मीटर दूर गदेरे में उनका अधखाया शव मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस व वन विभाग को दी। गांव कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग से सटा हुआ है। सूचना के बाद लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत भी गांव पहुंच गए थे।

# 25 अप्रैल से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे पूर्व सैनिक



समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पेंशन विसंगतियों को दूर करने के लिए पूर्व सैनिकों ने 25 अप्रैल से आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। कहा कि पूर्व सैनिकों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रविवार को भाबर क्षेत्र के एक बारातघर में बैठक का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने कहा कि अधिकारियों के सापेक्ष में अनुपातिक पेंशन बढ़ोत्तरी, समाजन मिलिट्री पे, अपंगता पेंशन, विधवा पेंशन, वीर नारी पेंशन व स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त सैनिकों को वन रेंक–वन पेंशन लाभ देने के लिए पूर्व सैनिक लगातार प्रयास कर रहे हैं। बावजूद केंद्र सरकार सैनिकों की अनदेखी कर रही है। कहा कि सेना के हित की बात कहने वाली सरकार सैनिकों का शोषण कर रही है।

ऐसे में सैनिकों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्णय लिया गया कि 25 व 26 अप्रैल को पूर्व सैनिक व उनके परिवार के सदस्य सड़क पर उतरकर पेंशन विसंगतियों के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इसके लिए पूर्व सैनिकों को एकजुट करने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा। इस मौके पर राजेश बिष्ट, देवेंद्र सिंह बिष्ट, नंदन सिंह रावत, मदन सिंह नेगी, दौलत सिंह रावत, प्रेम सिंह नेगी अनुसूया प्रसाद गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## योगेश ने यूजीसी नेट की परीक्षा की उत्तीर्ण

पौड़ीः सेंट थॉमस स्कूल डांडापानी में रहने वाले योगेश चमोला ने अंग्रेजी विषय से असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। योगेश के बड़े भाई एसजीटी विश्वविद्यालय में एसोसियेट प्रोफेसर सुनील कुमार चमोला ने बताया कि उनके छोटे भाई ने हॉल ही में यूजीसी नेट ने अंग्रेजी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए उत्तीर्ण की है। इस सफलता का श्रेय योगेश ने अपनी मां की मेहनत को दिया है। जिसने उसे हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उनका मानना है कि अगर कड़ी मेहनत और लगन से कोई कार्य किया जाए तो कामयाबी आपको नतमस्तक करती ही है जिसका परिणाम आपके सामने हैं।

## कांग्रेस नेता को पितृ शोक

चमोली। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और प्रधान संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष खिलदेव सिंह रावत के पिता पूर्व सैनिक गोविंद सिंह (87 वर्ष) का रविवार तड़के हृदय गति रूकने से निधन हो गया है। किमोली निवासी स्व. गोविंद सिंह सेना से सूबेदार पद से रिटायर होने से पहले विश्व के कई देशों के दूतावास में सेवाएं दी। खिलदेव को पितृ शोक होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी,नगर अध्यक्ष महेश खंडूड़ी, पुष्कर रावत सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# रैली निकालकर ग्रामीणों को बताया सफाई का महत्व

### पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत की ओर से निकाली गई स्वच्छता रैली


स्वच्छता अभियान चलाते पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत के विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया।

विद्यालय परिसर से निकाली गई रैली को प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। कहा कि स्वस्थ समाज निर्माण के लिए हमें स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए।

सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का इस्तेमाल करें। उन्होंने विद्यार्थियों से जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने की अपील की। कहा कि देश को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए हम सभी को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को पालीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें पालीथिन के उपयोग को पूरी तरह बंद करना होगा। इस मौके पर आयुष नेगी, करन सिंह, प्रयास रमोला, कपिल चंद्र, दुर्गेश, हिमानी आदि मौजूद रहे।

## फायरकर्मियों ने अग्नि सुरक्षा के गुर छात्रों को बताए

नई टिहरी। अग्नि सेवा सप्ताह के तहत अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी में माक ड्रिल का आयोजन कर छात्रों को अग्नि सुरक्षा के गुर सिखाये। अग्नि से सुरक्षा के लिए अग्नि शमन को सूचना देने के तरीकों से भी अवगत कराया। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देशन में सीओ एसपी बलूनी के संरक्षण में केंद्रीय विद्यालय में बीते 14 अप्रैल से मनाये जा रहे अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत आम लोगों को अग्नि सुरक्षा को लेकर सतर्क व जागरूक करने का काम अग्नि शमन विभाग कर रहा है। जिससे गोष्ठियों व माकड्रिल का भी आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है। लीडींग फायर मैन यशवीर सिंह ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में अग्नि सुरक्षा के तमाम सुरक्षा इंतजामों का सजीव प्रदर्शन किया गया। आग से सुरक्षा के लिए उठाये जाने वाले प्राथमिक कदमों की जानकारी देते हुए माकड्रिल के साथ ही अग्नि सुरक्षा के गुर छात्रों सहित मौजूद लोगों को सिखाये गये।

# प्रतिष्ठानों में बेहतर तरीके से रखें अग्निशमन यंत्र


कोटद्वार के एक प्रतिष्ठान में अग्निउपकरण की जानकारी देते दमकल कर्मी।

**कोटद्वारः** अग्निशमन विभाग की टीम ने शहर के प्रतिष्ठानों में लगे अग्निशमन उपकरणों की स्थिति जानी। इस दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को उपकरणों को बेहतर स्थिति में रखने की चेतावनी दी गई। रविवार को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रणधीर सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। टीम ने देवी रोड स्थित बड़े प्रतिष्ठानों में लगे अग्निशमन उपकरणों की स्थिति जानी। प्रतिष्ठान संचालकों को उपकरणों को बेहतर स्थिति में रखने के सख्त निर्देश दिए गए। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रणधीर सिंह ने कहा कि आग लगने की घटनाओं को समय पर रोका जाएं इसके लिए उपकरणों का बेहतर स्थिति में होना अतिआवश्यक है। प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी को उपकरण के प्रयोग की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को डेमो के माध्यम से आग लगने की घटनाओं व उसपर काबू पाने के तरीके भी बताए।

# सीडीओ ने देखी गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक यात्रा व्यवस्थाएं

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों पर मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने गौरीकुंड से केदारनाथ तक किए जा रहे कायो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को यात्रा व्यवस्थाएं शीघ्र पूरा करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी मयूर दिक्षित ने मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार को केदारनाथ पैदल मार्ग में किए जा रहे कार्यो के मॉनिटरिंग एवं जायजा लेने के लिए कहा था जिसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कुंड गुप्तकाशी से गौरीकुंड तक सड़क मार्ग का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए है कि सुगम एवं सुव्यवस्थित यात्रा संचालित करने के लिए जिन स्थानों पर पैच एवं डामरीकरण के कार्य किए जाना है उन्हे शीघ्रता से पूरा किया जाए। लोनिवि डीडीएमए के ईई को निर्देश दिए कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में जो भी मरम्मत कार्य किए जा रहे है उन कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण किया जाए। सुलभ इंटरनेशनल को केदारनाथ धाम में शौचालय का जो भी निर्माण कार्य किया जाना है उन कार्यो को जल्द पूरा किया जाए।

उन्होंने श्रमिको की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने, घोड़े खच्चरों को गरम पानी की व्यवस्था की जाए। जल संस्थान एवं उरेडा को अवशेष कार्य पूरा करने को कहा। केदारनाथ धाम में आवासीय व्यवस्था के लिए स्थानीय लोगो द्वारा लगाए जाने वाले टेंट को तहसील कर्मचारियों को डिमार्केशन करने निर्देश दिए। ताकि संबंधित व्यक्ति द्वारा टेंट लगाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने जीएमवीएन को निर्देश दिए हैं कि उनके द्वारा जो भी टेंट कॉलोनी बनाई जा रही है उस पर शीघ्रता से कार्य पूर्ण किया जाए। डीडीएमए को निर्देश दिए है कि हेलीपैड में सुरक्षा को देखते हुए बैरिकेडिंग का कार्य किया किया जाए।

उन्होंने विद्युत विभाग को यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में विद्युत व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए। साथ ही जहां स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है वहां जल्द स्ट्रील लाइट लगाने को कहा।

इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, पेयजल, सुलभ आदि की व्यवस्थाएं भी देखी। इस दौरान उनके साथ यात्रा से जुड़े अफसर मौजूद थे।

## श्रमिकों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

चमोली। चमोली जिले में पंजीकृत श्रमिकों को तीन साल से श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

मंडल घाटी के ग्राम पंचायत सगर के सत्येंद्र रावत ने मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र को ज्ञापन सौंपकर कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश सरकार की ओर से पंजीकृत श्रमिकों को श्रम विभाग के माध्यम से अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। लेकिन पिछले तीन साल से किसी भी श्रमिक का योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्रमिकों की बेटियों की शादी के लिए अंशदान भी नहीं मिल रहा है। श्रमिकों की मृत्यु पर पीड़ित परिवार को सहायता राशि का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। कई श्रमिक दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से गोपेश्वर पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें मायूस लौटना पड़ रहा है। उन्होंने मामले का संज्ञान लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई है।

# मंदाल घाटी के ग्रामीणों ने किया रथुवाढाब वन चौकी का घेराव

### ग्रामीणों ने निकाली पैदल यात्रा


वन विभाग के खिलाफ आक्रोश रैली निकालते ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बाघ के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने रथुवाढाब वन चौकी का घेराव किया। कहा कि क्षेत्र में हो रही बाघ के हमलों की घटना के बाद भी वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

रिखणीखाल प्रखंड का समूचा इलाका मंदाल घाटी व पैनो घाटी बाघ के दहशत से भयभीत है। आए दिन ग्रामीणों को बाघ गांव के आसपास घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। एक सप्ताह पहले ग्राम जुई,पापड़ी,अमडंडा,पडियारा पाणी में पांच बाघ एक स्थान टहलते देखे गये। उसके दो तीन दिन बाद ग्राम डला निवासी वीरेंद्र सिंह को घर के पास ही बाघ ने गेंहू की कटाई करते समय अचानक हमला बोल दिया। बाघ उन्हें घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। बामुश्किल लोगों ने बाघ के चंगुल से क्षत विक्षत शव बरामद किया। पूरा इलाका बाघ के आतंक से भयभीत है। लागातार बढ़ रही दहशत को देखते हुए रविवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख रिखणीखाल पिंकी नेगी के आह्वान पर दर्जनों गांवों के लोग इकठ्ठा होकर वन विभाग चौकी रथुवाढाब का घेराव व जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने हाथ में विरोध प्रदर्शन सम्बन्धी तख्तियां पकड़ी हुई थी। जिन पर अनेक स्लोगन व नारे लिखे थे। ग्रामीणों का कहना था कि बाघों को सरकार बचा रही है,लेकिन हम रिखणीखाल वालों को इन बाघों से कौन बचायेगा। विरोध प्रदर्शन व घेराव में रथुवाढाब,कर्तिया,नौदानू,कुमाल डी,बंजा आदि के ग्रामीण भी मौजूद थे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य कर्तिया विनयपाल सिंह नेगी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद हरे।

# पुलिस ने पकड़ी कलमठ में छिपाई 17 पेटी शराब



पिथौरागढ़। सीमांत में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस से बचने को शराब कारोबारी अब जंगलों को अपना अड्डा बना रहे हैं। जौरासी में जंगल के बीच स्थित एक कलमठ में छिपाई गई 17 पेटी अवैध शराब पुलिस ने पकड़ी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक उमराव सिंह और एसओजी प्रभारी हेम तिवारी के नेतृत्व में जौरासी क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान उन्हें सड़क के नीचे बनाए गए एक कलमठ में पेटी रखी हुई मिली। जांच के दौरान पेटियों में शराब बरामद हुई। शराब किसने छिपाई थी इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आरोपी की खोजबीन में जुटी हुई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। टीम में अउनि चन्द्र सिंह, कांस्टेबल अर्जुन सिंह, कविन्द्र सिंह, अशोक बुधियाल, होमगार्ड निर्मल सिंह शामिल रहे।

## निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया

रुद्रपुर। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामू जोशी ने दिया में निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार से फोन पर बात कर निर्माण कार्य की जानकारी ली। बताया कि गोशाला के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है। मई माह में गौशाला का लोकार्पण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान राहुल सक्सेना, कमलजीत सिंह चौहान, विशाल चौहान, मेहताब, दिपेश तिवारी, रोहित आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन ने भरी हुंकार

बागेश्वर। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन ने जिला मुख्यालय में अपनी मांग को लेकर हुंकार भरी। संवैधनिक रैली निकाली। कुली बेगार की तर्ज पर नई पेंशन योजना की प्रतियां सरयू में प्रभावित की।

सरयू के जल को हाथ में लेकर एनपीएस को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत संगठन से जुड़े तीनों विकास खंड के कर्मचारी रविवार को बागनाथ मंदिर के सामने बने स्नानाथट में एकत्रित हुए। यहां हुई सभा में पुरानी पेंशन बहाली की वकालत की गई।

इसके बाद कुली बेगार आंदोलन की तर्ज पर नई पेंशन योजना की प्रतियां सरयू में बहा दी। बाबा बागनाथ व सरयू मां को साक्षी मानकर नई पेंशन योजना को जड़ से



उखाड़ फेंकने की शपथ ली। पुरानी पेंशन के लिए कुमाउंनी गीत भी लॉंच किया। इसके बाद सभी कर्मचारी रैली की शक्ल में नुमाईशखेत, दुग बाजार, एसबीआई तिराहा होते हुए तहसील परिसर में पहुंचे। यहां प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा गया कि नई पेंशन योजना में कर्मचारियों का हित सुरक्षित नहीं है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र पालनी, जिला मंत्री कमलेश कुमार पांडे, बागेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष विवेक पांडे, मंत्री आनंद चौहान, हरेंद्र रावत, महिपाल कपकोटी, गोविंद, संजय पंत, भारतेंदु पंत, सुरेश राठौर, केसी मिश्रा, नारायण किरमोलिया, ईश्वरी दत्त पांडे, भरत सिंह नेगी, बबीता साह, रमेश रावत, इंदू धपोला, मुकेश कुमार, प्रकाश चौबे आदि मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा में आप कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका



अल्मोड़ा। आप के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई के पूछताछ करने के लिए बुलाने पर अल्मोड़ा में कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश है।

उन्होंने इसे भाजपा की साजिश करार देते हुए चौहानपाटा में केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर आप के जिला अध्यक्ष आंनद सिंह बिष्ट, यूथ विंग जिला अध्यक्ष दानिश कुरैशी, देव सिंह, तोगड़िया, नवीनचंद्र आर्य भगवत आर्य, मुकेश टम्टा, किरण आर्य, अरुण तिवारी, दिनेश कुमार, जीशान अंसारी, रितेश कुमार, राजू कुमार आदि मौजूद रहे

## शिक्षा भारती ने मेधावियों को किया पुरस्कृत

रुद्रपुर। शिक्षा भारती सीनियर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

स्कूल का कक्षा 6, 9 और 11 का परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय संस्थापक एचसी पांडे, डायरेक्टर विनय पांडे, प्रबंधक विकास पांडे और प्रधानाचार्य डीसी उप्रेती ने परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और रिजल्ट देकर सम्मानित किया। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस दौरान कमला तिवारी, ज्योति बोरा, सुमन दुबे, दीपा कन्याल, सरिता ढौंढियाल, रूप गड़कोटी, जानकी महर, पूजा चंद, सौरव खेतवाल, ईशांत पाहवा आदि रहे।

# मुनस्यारी मिलम मार्ग में तीन दिन बाद आवाजाही बहाल, खतरा बरकरार

पिथौरागढ़। मुनस्यारी मिलम मार्ग में तीन दिन बाद आवाजाही बहाल हो गई है। इस सड़क पर हिमस्खलन के बाद आवाजाही ठप हो गई थी।

जिससे आईटीबीपी की रसद आपूर्ति में जुटे श्रमिक और घोड़े भी फंस गए थे। चीन सीमा को जोड़ने वाले मिलम मार्ग में नहर देवी व मपांग के बीच हिमस्खलन से 12 अप्रैल से आवाजाही ठप हो गई थी।

इस मार्ग में रेलकोट के पास आईटीबीपी की रसद आपूर्ति में जुटे श्रमिक व घोड़े भी फंस गए थे। बीआरओ ने बीते रोज मुनस्यारी मिलम पैदल मार्ग में अब



स्यूनी के पास बर्फ हटाकार आवाजाही किसी तरह शुरू कराई है, लेकिन अभी भी वहां पर हिमस्खलन का खतरा बना हुआ है। फिलहाल आवाजाही शुरू होने से स्थानीय लोगों के साथ सुरक्षा बलों व श्रमिकों को राहत मिली है। तेज धूप खिलने के बाद यहां हिमस्खलन का खतरा स्थानीय लोगों के अनुसार बढ़ गया है।

# अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा

चम्पावत। बाराकोट के चमरोली में अगरबत्ती बनाने के प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में एनआरएलएम से जुड़ी संगठनों की महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। महिलाओं को अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। चमरोली के पंचायत घर में प्रशिक्षण का शुभारंभ ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह और आरसेटी के निदेशक आरपी टम्टा ने संयुक्त रूप से किया। आरसेटी के निदेशक ने प्रशिक्षण में मिली जानकारी से स्वरोजगार के अवसर पैदा करने की अपील की। मास्टर ट्रेनर ममता महर ने धूप अगरबत्ती बनाने के बारे में जानकारी दी। फैकल्टी के विजय सिंह, महेंद्र सिंह पटवा ने प्रशिक्षणार्थियों का रजिस्ट्रेशन कर माइक्रोलैब के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम में रोशनी देवी, सरोज देवी, गीता देवी, सीमा देवी मौजूद रहीं।

## नव निर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

बागेश्वर। यूथ कांग्रेस ने कार्यकारिणी का विस्तार किया और नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। पार्टी कार्यालय में रविवार को कार्यक्रम हुआ। बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष संजय चन्याल ने संजय कुमार, राजा मनकोटी, हिमांशु कुमार, आदित्य टाकुली, पूनम, धीरेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, रितिक पिमोली, वपिन चंद्र, पूरन चंद्र, रक्षित तिवारी, दिव्यांशु पिंडारी, मनीष कुमार, मीरा और अनीता पांडे महासचिव, दिनेश चंद्र, ललित मोहन, विक्रम कुमार, रितेश मेलवाल, मनीष कुमार, जीवन टम्टा और दीपक कुमार को सचिव बनाया गया है। सभी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## मोर्चा के नवनियुक्त उपाध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हीरा बोरा को नया दायित्व मिलने पर स्वागत किया। रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश जोशी रामू ने कहा युवा नेता हीरा बोरा की नियुक्ति युवा मोर्चा को मजबूती प्रदान करेगी। यहां प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश चंद्र जोशी, मुस्तकीम मलिक, नीरज धामी, कामिल खान, जीवन धामी, मनोज वाधवा, गोपाल बोरा, नवीन बोरा, किशोर जोशी, भवानी भंडारी रहीं।

# नैनीताल में सैलानियों की रौनक, गुलजार नजर आए पर्यटक स्थल

नैनीताल : सरोवर नगरी का वीकेंड पर्यटन सीजन ही चढ़ने लगा। इसके चलते नगर में काफी रौनक रही। शनिवार को सैलानियों की और अधिक भीड़ जुटने की संभावना है। इसे लेकर पुलिस व प्रशासन ने पुख्ता तैयारियों का दावा किया है।पूर्व में वीकेंड पर सैलानियों का पहुंचना शनिवार से शुरू होता था लेकिन अब सैलानी शुक्रवार से ही यहां पहुंचने लगे हैं। इससे नगर के पर्यटन कारोबार में वृद्धि हुई है और पर्यटन कारोबारी बेहद खुश हैं। शुक्रवार को नगर के होटलों के अधिकांश कमरे पैक रहे और पार्किंग स्थल भी वाहनों से पट गए।



स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिताताल, वाटरफाल, बाटनिकल गार्डन व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों की भीड़ रही। सैलानियों ने शाम के वक्त नैनी झील किनारे मालरोड पर चहलकदमी का लुत्फ उठाया। दिन में नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। इधर नगर का मौसम सुहावना बना है। पूरे दिन धूप चटक धूप खिली रही। जीआइसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

शहर में पंजीकृत होटल–गेस्ट हाउस में तो रेट लिस्ट के आधार पर ही कमरों का किराया वसूला जाता है। आनलाइन बुकिंग वाले पर्यटक भी नहीं ठगे जाते लेकिन अपंजीकृत होटल–गेस्ट हाउस सहित अन्य में कोई रेट लिस्ट नहीं है। इन होटलों में भीड़ देखकर ही कमरों के रेट तय होते हैं। भीड़ सामान्य है तो रेट भी सामान्य, और भीड़ बढ़ी तो कमरों के रेट दो–तीन गुना बढ़ जाते हैं। फिलहाल प्रशासन की ओर से भी रेट लिस्ट को लेकर चेकिंग अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

# ईद को लेकर बाजारों में लौटी रौनक



रुद्रपुर। ईद नजदीक आते ही लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है। बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। एक माह के रोजे और इबादत के बाद मीठी सिवई की ईद को लेकर बच्चों, महिलाओं और रोजदारों में उत्साह है। रविवार को गोटिया, इस्लामनगर, तहसील और टनकपुर रोड पर कपड़े, चूड़ियां, सैंडिल और साज–सज्जा की दुकानों में सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। रोजा खोलने के बाद भीड़ में और इजाफा हो जाता है। इधर, बाजार में कपड़े सिलने वाले दर्जियों की दुकानों पर भी भीड़ लगी रही। लोग ईद की नमाज के लिए कुर्ते– पजामे, पठान सूट, पेंट–कुर्ता सिलवा रहे हैं। वहीं, पेंट शर्ट के लिए भी भीड़ लगी हुई है। रेडिमेट गारमेंट्स की दुकान पर जींस, शर्ट के लिए भी खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। ईद से एक दिन पहले पूरी रात दुकानें खुली रहती हैं और रात भर लोग खरीदारी करते हैं।

# पांच मई से गोरलचौड़ में लगेगा योग शिविर

चम्पावत। चम्पावत में पांच मई से तीन दिनी योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। पतंजलि योग समिति और भारत स्वाभिमान मंच की जिला इकाई की मासिक बैठक ये निर्णय लिया। शिविर की सफलता के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। रविवार को कुर्मांचल ऐग्लों संस्कृत विद्यालय में भारत स्वाभिमान मंच की बैठक हुई। जिला प्रभारी लोकमणि पंत ने बताया कि पांच से सात मई तक तीन दिनी योग शिविर गोरलचौड़ मैदान में होगा। बताया कि इसके लिए आगामी तीन मई को बैठक में चर्चा की जाएगी। योग शिविर की सफलता के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा ने योग शिविर में हर तरह का सहयोग देने



की बात कही। बैठक में आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। बैठक में डॉ.भुवन चंद्र जोशी, नारायण दत्त गड़कोटी, केके जोशी, राजेंद्र गहतोड़ी, गिरीश चंद्र जोशी, शंकर दत्त फुलारा, तारा दत्त पांडेय, मदन सिंह महर, इंद्र सिंह महर मौजूद रहे।

# केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धि जनता तक पहुंचाएं

चम्पावत। भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री और जिला प्रभारी कमल मुनि ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने की अपील की। रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक हुई। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पूरन बिष्ट की अध्यक्षता में हुई जिला कार्यसमिति में तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा ने कहा कि किसान मोर्चा भाजपा का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने पदाधिकारियों से किसानों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का कहा। किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक जीएस बेदी ने प्राकृतिक व जैविक खेती के बारे में बताया। उन्होंने चौपाल लगा कर किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती के लिए प्रेरित करने को कहा। जिला महामंत्री बसंत तड़ागी व मोहन पाटनी के संचालन में हुई बैठक में पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्याम पांडेय, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार, राजेंद्र बिष्ट, जगत सिंह बिष्ट, मनोज बिष्ट, प्रेम सिंह, जगदीश पनेरू, अमित खर्कवाल, सुरेश उप्रेती, प्रवीन पांडेय, मोहन जोशी, लक्ष्मी नारायण जोशी, देवेंद्र जोशी, सावन चंद रजवार, हिमांशु भट्ट मौजूद रहे।

## यंग इंडिया बोल सीजन तीन का शुभारंभ हुआ

चम्पावत। कांग्रेस ने यंग इंडिया बोल सीजन तीन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का मकसद युवाओं के बीच तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन करना है। इसी क्रम में कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। रविवार को कांग्रेस कैंप कार्यालय में यंग इंडिया बोल सीजन तीन का उद्घाटन हुआ। जिलाध्यक्ष पूरन सिंह कठायत की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा बताई गई। कार्यक्रम के जिला प्रभारी फैजुल हक ने बताया कि देश में लोकतंत्र को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत भाषण, कविता और व्यंग्य प्रतियोगिता के जरिए प्रवक्ताओं का चयन किया जाना है। बताया कि शीघ्र ही जिले में प्रतियोगिता शुरू होगी।

# खनन विभाग की टीम ने की छापेमारी, अवैध खनन होता मिला

रुद्रपुर। देहरादून से आए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के अधिकारियों की टीम ने खनन क्षेत्रों में छापेमारी की। इससे हड़कंप मच गया।

टीम को अवैध खनन होते मिला। टीम ने मौके पर एक जेसीबी को पकड़ कर सीज कर दिया। किच्छा क्षेत्र में गौला नदी के किनारे रपटा पुल, पुलभट्टा, कोटखर्रा और लक्ष्मीपुर में कुल निजी नाप वाले पांच पट्टे हैं। जबकि ग्राम लक्ष्मीपुर और कनमन में दो रिवर ड्रेजिंग चल रही हैं।



पट्टों व रिवर ड्रेजिंग में अवैध खनन की सूचना मिलने पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक एसएल पैट्रिक व अपर निदेशक राजपाल लेघा ने राजस्व विभाग की टीम के साथ गौला नदी किनारे बंडिया, रपटा पुल आदि खनन क्षेत्रों में छापेमारी की। इससे खननकारियों में हड़कंप मच गया। अधिकांश खनन क्षेत्रों से खननकारी टीम के पहुंचने से पहले नदारद हो गए। टीम ने हल्द्वानी बाईपास काली मंदिर के पीछे खनन क्षेत्र में एक जेसीबी मशीन को पकड़ सीज कर दिया। टीम ने गौला नदी में खनन के बाद किनारे लगे रेत के ढेरों की नपाई की। मौके पर मौजूद अजीत सिंह बेदी ने बताया कि उन्होंने रिवर ड्रेजिंग की प्रक्रिया के दौरान निकाले गए रेत का स्टॉक किया। अपर निदेशक राजपाल लेघा ने बताया कि गौला नदी क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है। अवैध खनन के दौरान निकाले गए उपखनिज का आकलन किया जा रहा है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम में सबीना नाज, सुष्मिता पंत, ऐश्वर्य शाह, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक दीपक कुमार आदि रहे।

## आबादी के बीच मोबाइल टावर लगाने का लोगों ने किया विरोध

रुद्रपुर। वार्ड नंबर एक के लोगों ने आबादी के बीच में मोबाइल टावर लगाने का विरोध किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम से टावर पर रोक लगाने की मांग की। रविवार को पंद्रह सूत्रीय कार्यक्रम के सदस्य तारिक मलिक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम को रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा वार्ड नंबर एक उमरूखुर्द इस्लामनगर में आबादी से लगा आम का बाग है, जिसमें फल लगते हैं। बताया कि बाग की थोड़ी भूमि सरकारी है। इस बाग में कुछ लोग मोबाइल टावर लगा रहे हैं, जो की बस्ती के बीच में है। थोड़ी दूरी पर 1100 की हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। उन्होंने कहा कि टावर लगने से कभी भी कोई दुर्घटना भी हो सकती है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रुद्रपुर। कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। युवक का एक माह पहले ही विवाह हुआ था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। बनबसा के पचप करिया निवासी आशीष कुमार (22) पुत्र दीपक कुमार शनिवार देर शाम बाइक से रिश्तेदारी में बिगराबाग जा रहा था। इसी बीच पहेनिया–कुटरी बाईपास पर उमरूखुर्द चौराहे के पास एक कार ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक चालक आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल युवक को उप जिला चिकित्सालय



पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। 108 एंबुलसें में हायर सेंटर ले जाते समय आशीष की रास्ते में ही मौत हो गई। इस पर एंबुलेंस युवक के शव को उप जिला चिकित्सालय ले आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। रविवार को चकरपुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी ने पंचनामा भरने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि कार और बाइक को कब्जे में लेकर चौकी परिसर में खड़ा कर दिया है। घटना की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि एक माह पहले ही युवक का विवाह हुआ था।

# ओपीएस को लेकर कर्मचारियों ने पेंशन संवैधानिक मार्च निकाला




नई टिहरी। पुरानी पेंशन राष्ट्रीय बहाली आंदोलन के तहत राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आहवान पर कर्मचारी संगठनों ने बौराड़ी बस स्टैंड से नव दुर्गा मंदिर तक पेंशन संवैधानिक मार्च निकाला। इस दौरान कर्मचारियों ने ओपीएस न दिए जाने पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बस स्टैंड पर मार्च से पहले आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि ओपीएस उनका हक है। जिसे हरहाल में लिया जायेगा। रविववार को जिला मुख्यालय पर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर तमाम कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों सहित कर्मचारी जमकर गरजे। बस अड्डा बौराड़ी में बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्र हुए। यहां पर सभा कर वक्ताओं ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन न देकर उनका शोषण कर रही है। खुद पेंशन लेते हैं और कर्मचारियों को पेंशन की जगह टेंशन देने का काम सरकार कर रही है। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हर हाल में ओपीएस लेकर रहेंगे। इसके लिए चाहे कितना ही उग्र आंदोलन क्यों न करना पड़े। कहा कि अगर सरकार ने ओपीएस लागू न की, कर्मचारी सरकार के खिलाफ होने को मजबूर होंगे। जिसके बाद कर्मचारियों ने पेंशन संवैधानिक मार्च वृहत रूप से बौराड़ी बस अड्डे से गणेश व सांई चौक होते हुए नव दुर्गा मंदिर तक निकाला।

इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ओपीएस लागू करने की पुरजोर मांग की। इस मौके पर पुरानी पेंशन राष्ट्रीय बहाली आंदोलन के अध्यक्ष पूरण सिंह राणा, सचिव सुशील चंद्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज सिंह असवाल, कार्यक्रम संयोजक अजबीर सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष मनमोहन पडियार, राजेश कुमार, विजय सिंह रावत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर नेगी, प्राशिसंघ थौलधार ब्लाक के अध्यक्ष ओम प्रकाश डबराल, शैलेंद्र रावत, अनूज कुमार, रविंद्र खाती, फुरकाना, गीता डबराल, रेशमा, नंदिन गुसांई, विजय पाल सजवाण, नीरज नौटियाल सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## आयोग ने पीसीएस–जे परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किए

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से उत्तराखंड न्यायिक सेवा सिविल न्यायधीश परीक्षा–2023 की प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। पीसीएस–जे की प्रारंभिक परीक्षा 30 अप्रैल को राज्य के विभिन्न नगरों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस संबंध में आयोग की ओर से वेबसाइट पर सूचना जारी कर दी गई है।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि आयोग ने एक मार्च 2023 को नोटिफिकेशन जारी कर उत्तराखंड न्यायिक सेवा सिविल जज न्यायाधीश परीक्षा–2023 के लिए अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। नोटिफिकेशन में न्याय विभाग के अंतर्गत सिविल न्यायधीश के 16 पदों पर अंतिम तिथि 21 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। बताया कि पीसीएस–जे की (वस्तुनिष्ठ प्रकार की) प्रारंभिक परीक्षा 30 अप्रैल (रविवार को) उत्तराखंड राज्य के विभिन्न नगरों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर आयोजित कराई जाएगी।

# श्री बदरीश पंडा पंचायत ने की बदरीनाथ से मलबा हटाने की मांग

नई टिहरी। श्री बदरीश पंडा पंचायत ने चमोली जिला प्रशासन से बदरीनाथ धाम में कपाट खुलने से पूर्व तप्त कुंड व गांधी घाट में मलबा हटाने की मांग की है। मामले को लेकर पंडा पंचायत ने एसडीएम जोशीमठ कुमकुम जोशी को पत्र प्रेषित किया।

एसडीएम को भेजे गए पत्र में पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी, सचिव रजनीश मोतीवाल ने कहा कि भगवान बदरीविशाल के कपाट आगामी 27 अप्रैल को खुल रहे हैं। उससे पूर्व ही यात्रियों का धाम में आगमन शुरू हो जायेगा। मास्टर प्लान के अंतर्गत तप्तकुंड, गांधी घाट व बदरीनाथ मंदिर के आसपास कई भवन तोड़े गए हैं, जिसका मलबा जगह–जगह बिखरा पड़ा है।

इस मलबे को 24 अप्रैल से पूर्व हटा दिया जाना आवश्यक है, जिससे तीर्थ यात्रियों, तीर्थपुरोहितों, स्थानीय निवासियों को स्नान, पूजा पाठ में किसी तरह की असुविधा का सामना नही करना पड़े। तप्तकुंड में भवन तोडे जाने से तीर्थ पुरोहितों को यात्रियों की वंशावली, बही खाते रखने की नई समस्या बन गई है। ऐसे में तप्तकुंड परिसर में वंशावलियों को रखने की पंचायत को अस्थाई व्यवस्था बनाने की अनुमति दी जाय। जिससे 5 सौ तीर्थ पुरोहित परिवार अपने यात्रियों को परंपरानुसार उनके पुरखों की वंशावली दिखा सकें। धार्मिक परम्पराओ को बनाने रखने हेतुवतप्तकुंड, गांधी घाट परिसर में किसी भी तरह की दुकाने नही लगाने दी जाये। पंडा पंचायत ने इस सम्बंध में एसडीएम से शीघ्र कार्यवाही की मांग करते हुए मजिस्ट्रियल आदेश जारी करने की मांग की है।

# भेल कर्मचारी के घर चोरी करने वाला गिरफ्तार

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी भेल कर्मचारी के घर हुई चोरी का का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपी के चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने छह महीने बाद भी चोरी हुआ सभी सामान आरोपी के पास से बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक भेल कर्मचारी मणि प्रकाश तिवारी के सेक्टर बीएचईएल स्थित आवास पर चोरी हो गई थी। सोने और चांदी की ज्वेलरी चोरी होने के बाद पुलिस ने दर्ज किया था। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को एक फुटेज मिला था। जिसके आधार पर आरोपी की फोटो को जारी किया गया था। पुलिस कई महीनों से आरोपी की तलाश में थी। गुरुवार को सेक्टर दो गुरुद्वार के पीछे मैदान के पास से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी चोरी की फिराक में था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विशाल पुत्र कश्मीरी लाल निवासी सुभाष नगर ज्वालापुर बताया। आरोपी ने पूछताछ में भेल कर्मचारी के घर चोरी की वारदात को कबूल किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सोने की दो चेन, सोने की तीन लॉकेट, सोने के टॉप्स, सोने की कान की बाली, पॉजेब बरामद की है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

देहरादून। संयुक्त मई दिवस समारोह समिति की बैठक में एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

इस दिन मजदूर यूनियनें मजदूरों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सरकार को भेजेगी। रविवार को बैठक गांधी में बैठक वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कामरेड एसएस रजवार की अध्यक्षता में हुई। सीटू के प्रांतीय सचिव लेखराज ने कहा कि मई दिवस पर विभिन्न यूनियनें प्रातः आपने कार्यालयों और कार्यस्थलों पर झंडा रोहण कर मई दिवस के शहीदों को याद करते हुए श्रधांजलि अर्पित करेंगे, इसके बाद विचार गोष्ठियां होंगी। मुख्य कार्यक्रम परेड ग्राउंड से शुरू होगा, सरकार को मजदूरों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम में बैंक, बीमा, रक्षा क्षेत्र की विभिन्न यूनियनें शामिल होंगी। इस मौके पर एटक के प्रांतीय महामंत्री अशोक शर्मा ने कहा कि आज की परिस्थितियों में मई दिवस और भी अधिक प्रसांगिक हो गया है, जब हमारे देश की सरकार श्रम कानूनों को जो कि बड़ी कुर्बानियों से हासिल हुए थे, उनको समाप्त करने जा रही है, जिसका मजदूर वर्ग पुरजोर विरोध कर रहा है। इस मौके पर सीटू के उपाध्यक्ष भगवंत पायल, जगदीश चन्द्र छिम्मवाल, जगदीश कुकरेती, विनय मित्तल, नरेंद्र कुमार सैनी, रविन्द्र नौडियाल, राजेश धामी, दयाकिशन पाठक, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, अनिल उनियाल, नीरज शर्मा, चंदन कुमार गुप्ता, अनिल कुमार नायक, लक्ष्मी नारायण भट्ट, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## ट्रेनों के स्टॉपेज मामले में गुरुवार को बंद का ऐलान

रुडकी। लक्सर स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को एडवोकेट एसोसिएशन ने अपना समर्थन देने की घोषणा की है। आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए 31 सदस्यों की समिति बनाई गई। समिति ने गुरुवार को बाजार बंद रखकर विरोध प्रकट करने की घोषणा की है। लक्सर में पहले की तरह ट्रेनों का स्टॉपेज किए जाने की मांग को लेकर लक्सर के लोग आंदोलन कर रहे हैं। कई सामाजिक व राजनैतिक संगठन भी इस आंदोलन के समर्थन में उतर आए हैं। रविवार को लक्सर एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास पंवार के साथ जौहर सिंह, प्रवेश कांबोज, इकराम अली, नीरज सागर, सरताज हसन, राजवीर सिंह, दीपांकर कौशिक, अंकित तोमर, अरुण कुमार आदि अधिवक्ताओं ने भी उनसे मुलाकात की और आंदोलन को एसोसिएशन का समर्थन दिया। तय हुआ कि आंदोलन को तेज व प्रभावी बनाया जाएगा। इसके लिए किसान नेता कीरत सिंह के नेतृत्व में 31 सदस्यों की समिति बनाई गई।

## भाजपा के आदर्श और प्रेरणा स्त्रोत हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीः मनवीर चौहान

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि पार्टी के आदर्श और प्रेरणा स्त्रोत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

जबकि कांग्रेस नेताओं के प्रेरणा स्त्रोत पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव हैं। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चौहान ने कहा कि जिस तरह से हरीश रावत पूर्व रेल मंत्री लालू यादव की नीति को आधार बनाकर भाजपा से उसकी तुलना करने की कोशिश कर रहे हैं वह अपनी पूर्व की सरकारों की गलत नीतियों पर मुहर लगा रहे हैं।

चौहान ने कहा कि भाजपा की नीति और सिद्धांतों से किसी की तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तकनीकी रूप से भारतीय रेल का कायाकल्प किया है।

# केदारनाथ यात्रा के लिए अब तक हुआ 4500 घोड़े खच्चरों का रजिस्ट्रेशन



रुद्रप्रयाग। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की यात्रा को लेकर संबंधित विभागों की तैयारियां जोरों पर है। गांव स्तर पर घोड़े खच्चरों के रजिस्ट्रेशन के बाद अब जिला पंचायत ने सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड में मजदूर, डंडी कंडी माल वाहन घोड़े खच्चरों का पंजीकरण व लाइसेंस बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। जबकि जनपद के अनेक स्थानों पर लगाए गए शिविरों के माध्यम से अब तक 4500 घोडे खच्चरों का रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है। केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू होने में महज 8 दिन का समय शेष रह गया है। ऐसे में जिला प्रशासन विभिन्न विभागों की मदद से निरंतर केदारनाथ यात्रा तैयारियों में जुटा है। रविवार से जिला पंचायत की टीमों ने सोनप्रयाग व गौरीकुंड में नियमित रूप से पंजीकरण व लाइसेंस बनाने क कार्य शुरू कर दिया है। जिसमें सोनप्रयाग में मालवाहक घोडा–खच्चर व हॉकरों का पंजीकरण, जबकि गौरीकुंड में डंडी–कंडी एवं मजदूरों का पंजीकरण व लाइसेंस बनाने का कार्य होगा। पहले दिन टीमें इंतजार करती रही है, लेकिन किसी भी पंजीकरण नहीं कराया। गत 21 मार्च से 10 अप्रैल तक जनपद के विभिन्न स्थानों पर जिला पंचायत ने घोडा–खच्चरों के पंजीकरण के लिए शिविर लगाए थे। जिसमें मेडिकल प्रमाण पत्र एवं बीमा के उपरान्त कुल 4500 घोडे खच्चरों के पंजीकरण कर लाइसेंस बनाए जा चुके है। जिला पंचायत की ओर से घोडे–खच्चर एवं डंडी कंडी मजूदरों के लिए लाइसेंस फीस 400 रूपए, 40 रूपए बीमा एवं 214 रूपए टोकन फीस के रूप में लिए जा रहे है। यदि पैदल मार्ग पर किसी मजूदर की मृत्यु हो जाती है, तो उसे पचास हजार रूपए का बीमा दिया जाएगा। यह लाइसेंस छह माह के लिए वैध होता है। जिला पंचायत के कर निरीक्षक ज्ञानेन्द्र बगवाडी एवं दिनेश नौटियाल ने बताया कि सोनप्रयाग व गौरीकुंड में लाइसेंस बनाने का कार्य नियमित रूप से शुरू हो गया है। पहले दिन कोई भी मजदूर पंजीकरण के लिए नहीं पहुंचा। बताया जनपद में शिविर के माध्यम से 4500 घोडे–खच्चरों का पंजीकरण किया जा चुका है।

# पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद व राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया डॉ0 बी0 आर0 अंबेडकर'' विषय पर आयोजित सेमिनार में प्रतिभाग





देहरादून। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी द्वारा ''विधान एवं संविधान माह'' के अंतर्गत ''रिपब्लिकन एथिकः थ्रू डॉ0 बी0 आर0 अंबेडकर'' विषय पर आयोजित सेमिनार में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नेशनल सेंटर ऑफ लॉ एंड एडमिनिस्ट्रेशन (ठउछअ) और डिस्ट्रिक गवर्नेंस एंड फील्ड एडमिनिस्ट्रेशन सेंटर (उॅ्रअउ) का शुभारंभ किया। इस दौरान अधिकारियों ने उक्त दोनों सेंटरों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा की भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरक है। लोक सेवकों को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने अछूतों व दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। बाबा साहेब भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। उन्होंने कहा की बाबा साहेब के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा की लोक सेवकों के रूप में, अपने जिलों में अच्छा प्रशासन विकसित करने के लिए संविधान से समावेशी विशेषताओं को समझना और लागू करना आवश्यक है। उन्होंने कहा की सिविल सेवकों को, महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों और जातीय अल्पसंख्यकों जैसे उपेक्षित समूहों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए। यह जुड़ाव उनकी जरूरतों और चुनौतियों में अंतरदृष्टि प्रदान करेगा और सिविल सेवकों को ऐसी नीतियों और कार्यक्रमों को डिजाइन करने में मदद करेगा जो उनकी जरूरतों के प्रति उत्तरदायी हों।

राज्यपाल ने अकादमी में आयोजित ''विधान और संविधान माह'' कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विधान और संविधान की गहरी जानकारी सिविल सेवा के अधिकारियों के लिए बहुत आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि यह तो हम सब जानते हैं कि डॉ0 अंबेडकर संविधान सभा के अध्यक्ष थे और साथ ही स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भी रह चुके हैं, विधान और संविधान के विषय की सबसे सटीक जानकारी उन्हीं के पास है। और हम सब भाग्यशाली हैं कि इस विषय पर आज हम पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के विचारों को सुना।

राज्यपाल ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का स्वागत करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सबके लिए आदर्श है, मुझे भारत के राष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखने का सौभाग्य मिला। राज्यपाल ने कहा कि जब हम भारतीय संविधान की बात करते हैं, तो हम सुशासन के साथ–साथ भारत के नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों का भी उल्लेख कर रहे हैं। हमारे मौलिक अधिकार, हमारे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता, शिक्षा का अधिकार हमारे लिए, एक भारत बनाने के लिए सभी दिशानिर्देश हैं। लोक सेवकों के रूप में, यह सुनिश्चित करने के लिए आप सभी पर एक बड़ी जिम्मेदारी है कि हम सभी उस लक्ष्य के लिए प्रयास करें।

राज्यपाल ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और हमारी ˘–20 की अध्यक्षता सार्वभौमिक रूप से स्वीकार की जा रही है क्योंकि हमने वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित होकर इस वर्ष ˘–20 की थीम वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर रखा है। राज्यपाल ने कहा कि 21 वीं सदी का सबसे बड़ा लक्ष्य भारत का एक आधुनिक भारत, एक आत्मनिर्भर भारत बनना है। जिसमें आप सभी लोक सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान होने वाला है।

सेमिनार में श्रीमती सविता कोविंद, अकादमी के निदेशक श्रीनिवास आर0 कटिकिथाला, संयुक्त निदेशक सौजन्या सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हरिद्वार लग्जरी कोचेस वेलफेयर एसोसिएशन का हुआ गठन

हरिद्वार। हरिद्वार लग्जरी कोचेस वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया। जिसमे मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, संरक्षक नरेश गोयल, राकेश गोयल को अध्यक्ष और हरमोहन सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया है। जबकि पुष्प्रीत सिंह को महामंत्री, मुकेश गोयल को सचिव, बद्री प्रसाद को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इस दौरान एसोसिएशन ने चार धाम यात्रा का संचालन हरिद्वार से ही करने की मांग उठाई है। जबकि 21 अप्रैल से यात्रा की शुरुआत हरिद्वार से ही करने का भी निर्णय लिया है। मायापुर स्थित एक होटल में एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राकेश गोयल और संचालन पुष्प्रीत सिंह ने किया। अध्यक्ष राकेश गोयल ने कहा कि हरिद्वार के हित में बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं होनी चाहिए जिससे यात्रियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यात्रा की शुरुआत हरिद्वार से ही होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पहुंचने वाले हर श्रद्धालु को चारधाम के दर्शन कराने की घोषणा कर सराहनीय पहल की है। उपाध्यक्ष हरमोहन सिंह ने कहा कि चारधाम यात्रा का शुभारंभ ऋषिकेश से होता आया है। हम चाहते हैं कि यात्रा का शुभारंभ हरिद्वार से ही होना चाहिए।

## आज हमारे आंगन की गौरेया सुरक्षित नहीं

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में पर्यावरण जागरुकता के अंतर्गत कहां गई मेरे आंगन की गौरेया विषय पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता संस्कृत विवि के सहायक आचार्य डॉ. विनय सेठी ने गौरैया की घटती संख्या एवं संरक्षण पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों के समक्ष अपने विचार रखे। बताया कि जब आज हमारे आंगन की गौरैया सुरक्षित नहीं है तो हमारी सुरक्षा स्वयं ही प्रश्नचिह्नित हो जाती है।

डॉ. सेठी ने बताया कि विकास के क्रम में भवन एवं ईमारतों की संरचना में हो रहे परिवर्तन के चलते गौरैया को घोंसले बनाने के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहे है।

# सचिवालय—ए ने जीता अंतर सचिवालय क्रिकेट टूर्नामेंट

देहरादून। अंतर सचिवालय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइलन सचिवालय–ए ने जीता। टीम ने सचिवालय विंग्स को सात विकेट से शिकस्त दी। टकराज को बेस्ट बॉलर और सुंदर को बेस्ट बल्लेबाज चुना गया।

महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में रविवार को फाइनल मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिवालय विंग्स 19.4 ओवरों में 97 रन पर ही ऑल आउट हो गई। संजय जोशी ने 24 और दिनेश जड़धारी ने 19 रन बनाए। सचिवालय–ए की ओर से तुलसी और टिक राज ने दो–दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय–ए ने 15.1 ओवरों में सात विकेट से जीत हासिल कर दी। हरीश सैनी ने नाबाद 37, दीपक जोशी ने 29 और टीएच खान ने 15 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच हरीश सैनी और फाइटर ऑफ द मैच संजय जोशी रहे। हरीश सैनी बेस्ट फील्डर, सागर बेस्ट कीपर, सचिवालय लायंस फेयरप्ले, राजेश वर्मा स्प्रिट ऑफ द टूर्नामेंट, हरीश सैनी मैन ऑफ द सीरीज चुने गए। क्लब के अध्यक्ष अनिल जोशी ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# सीएयू के खिलाफ उक्रांद युवा प्रकोष्ठ का जोरदार प्रदर्शन



देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) के पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ता रविवार के देहरादून में द्रोण चौक पर एकत्रित हुए और सीएयू के खिलाफ नारेबाजी की। प्रकोष्ठ के केंद्रीय महामंत्री बृजमोहन सजवाण ने कहा कि महिला खिलाड़ियों का उत्पीड़न करने वाले कोच नरेंद्र शाह के खिलाफ अभी भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी।

इस मामले में सीएयू से जुड़े पदाधिकारयों के नाम भी सामने आए थे, लेकिन अभी तक उनके खिलाफ भी कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि सीएयू खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। जिलाध्यक्ष प्रवीन चंद रमोला ने मुख्यमंत्री से एक कमेटी बनाकर सीएयू की कार्यकारिणी को भंग करने की मांग की है। साथ ही ऑडियो प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने को कहा है। मौके पर केंद्रीय संगठन सचिव प्रीति थपालियाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष पंकज उनियाल, केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, बृजमोहन सजवाण, मनीष रावत, पंकज उनियाल, किरन रावत, दीपक, मीना थपलियाल, भोला दत्त चमोली, गौरव रावत, परवीन चंद रमोला, रवि थपलियाल आदि रहे।

## पाकिस्तान में भयानक हादसा, कार और ट्रक की टक्कर में 6 पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी),।** पाकिस्तान के दक्षिण–पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में रविवार तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना जिले के वाध इलाके में क्वेटा–कराची राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कई लोग हताहत हो गए। पुलिस ने मीडिया को बताया कि बचाव दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस कर्मी प्रांतीय राजधानी क्वेटा से प्रांत के हब जिले जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि वे एक पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में एक कोर्स में भाग लेने के बाद ईद–उल–फितर त्योहार के लिए घर आ रहे थे तभी यह हादसा हुआ। पाकिस्तान में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, मुख्य रूप से खराब रखरखाव वाले वाहनों, खस्ताहाल सड़कों और सड़क सुरक्षा उपायों की लापरवाही के कारण।

## बांदा में एक ही परिवार के 4 सदस्यों की धारदार हथियार से काटकर हत्या

**बांदा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जिले में एक ही परिवार के चार सदस्यों की धारदार हथियार से हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतकों में दंपती, पुत्र और महिला शामिल है। हत्यारोपी फरार हो गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। फोरेंसिक और डॉग स्क्वयड टीम मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार, गिरवां थाना इलाके के बड़ोखर बुजुर्ग में शनिवार की देर रात की बताई जा रही है। अज्ञात लोगों ने चुन्नू (70) पुत्र गंगा, कैलाशिया (68) पत्नी चुन्नू, तिजनिया (76) पत्नी झंडू और प्रियांशु (8) पुत्र बालेंद्र की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

रात को साथ बैठकर खाना खाने खा रहे थे तभी वारदात हो गई। मृतक हमलावरों से जान बचाने के लिए भागे भी, लेकिन हमलावरों ने जहां पाया वहीं मार दिया। घर में चारों शव अलग–अलग स्थानों पर पड़े मिले हैं।

रविवार की सुबह दरवाजा खुला होने पर पड़ोसी को घटना की जानकारी हुई। उसने पुलिस को सूचना दी। फिलहाल घटना का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस जांच में जुटी है। घटनास्थल सील कर रखा है।

## राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म होने पर टीएमसी ने साधी चुप्पी, आयोग के फैसले को दे सकती है चुनौती

**कोलकाता (एजेंसी)।** हर मुद्दे पर मुखर रहने वाली तृणमूल कांग्रेस आश्चर्यजनक रूप से भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा हाल ही में पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी से राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छीने जाने पर प्रतिक्रिया देने में चुप्पी साधे है।

मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की ओर से प्रतिक्रिया नहीं आई है। केवल वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता सौगत रॉय ने दावा किया है कि पार्टी नेतृत्व ईसीआई के फैसले को कानूनी रूप से चुनौती दे सकती है। उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जब ईसीआई का फैसला गलत साबित हुआ।रॉय ने कहा, आयोग को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार सेंसर किया है। आयोग में प्रतिनियुक्ति भेजने के अलावा, हम इस मामले में कानूनी रास्ता अपनाने पर भी विचार कर सकते हैं।विपक्षी दलों खासकर भाजपा ने इस मामले में तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है।

# कर्नाटक में किसे मिलेगा पूर्ण बहुमत: मोइली बोले—130 सीटें जीतेगी कांग्रेस

**बेंगलुरु , एजेंसी।** इन दिनों कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां जोर–तोड़ में लगी हुई हैं। अलग–अलग पार्टियों के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि कर्नाटक में इस समय बदलाव की बयार चल रही है। आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस राज्य में कम से कम 130 सीटें जीतेगी। वहीं, भाजपा ने भी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से अपनी जीत का दावा किया है। भाजपा नेता के अन्नामलाई ने रविवार को विश्वास जताया कि कर्नाटक में सत्तारूढ़ पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने दक्षिण भारत के राज्यों के लिए बहुत कुछ किया है। ऐसे में हमें भरोसा है कि हम यहां वापसी करेंगे।

प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम वीर्प्पा मोइली ने एक साक्षात्कार में कहा कि कर्नाटक ने हमेशा केंद्र में सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आगामी विधानसभा चुनावों में जीत 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने दावा किया कि आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस राज्य की 130 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। वहीं, भाजपा को यहां 60 सीटों पर भी जीत दर्ज करने के लिए मुश्किल होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की हार के साथ ही दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार उसके लिए बंद हो जाएगा।

इस दौरान वीरप्पा मोइली ने जेडीएस पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जनता दल (सेक्यूलर) भाजपा के साथ मिलीभगत कर रहा है। लोगों को उसकी हकीकत मालुम हो चुकी है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि लोग एच डी देवेगौड़ा के



नेतृत्व वाले संगठन की "अवसरवाद की राजनीति" को खारिज कर देंगे।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा डबल इंजन की सरकार की बात करती है लेकिन एक भी परियोजना को मंजूरी नहीं दिला सकी। मोइली ने आरोप लगाया कि एक भी बड़ा उद्योग (भाजपा शासन में) नहीं आया है। इतना ही नहीं, राज्य में शिक्षकों सहित कई रिक्तियां अभी भी लंबित हैं। भ्रष्टाचार कर्नाटक में हर गली की बात है। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरण में कर्नाटक को कृष्णा नदी से पानी का अधिक हिस्सा देने के फैसले के बाद भी, भाजपा सरकार ने अधिसूचना जारी नहीं की है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य को पानी के अपने वैध हिस्से से वंचित कर दिया गया है।

वहीं, इस दौरान जब उनसे कांग्रेस में कथित अंतर्कलह और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार दोनों में मुख्यमंत्री पद के लिए होड़ के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे भाजपा की बयानबाजी करार दिया। मोइली ने कहा कि भाजपा इस बारे में बात करती रही है लेकिन इस तरह की बातों में कोई दम नहीं है।

वहीं, दूसरी ओर तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख के अन्नामलाई ने भी पूर्ण बहुमत से जीत दर्ज करने का दम भरा है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भाजपा कार्यकर्ता बहुत जोश में है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता कुछ भी उम्मीद नहीं करते हैं। भाजपा में कार्यकर्ता सबसे महान हैं क्योंकि वे सत्ता, पद या सीट के पीछे नहीं है। जमीन पर कार्यकर्ता अपना सिर नीचे करके पार्टी के लिए काम कर रहे हैं क्योंकि वे एक विचारधारा के लिए काम करते हैं और उस कार्यकर्ता को हिलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी केवल अपने अहंकार को संतुष्ट करना चाहती है। कांग्रेस जो कुछ भी कर रही है, वह अपने अहंकार को संतुष्ट करने के लिए कर रही है।

## बोनट पर टंगा रहा ट्रैफिक पुलिस वाला, गांजे के नशे में चूर ड्राइवर ने 12 किमी. तक दौड़ाई कार

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कार चालक ट्रैफिक पुलिस के सिपाही को करीब 20 किलोमीटर तक घसीटता रहा। हालांकि गनीमत रही कि किसी भी तरह का अप्रिय हादसा नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपित कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। युवक सिग्नल तोड़कर जा रहा था। इसके बाद सिपाही ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन युवक ने गाड़ी नहीं रोकी और कांस्टेबल कार की बोनट पर जा गिरा। घटना बीते शनिवार की है। घटना के फुटेज में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि सिपाही कैसे खुद को बचाये हुए है।

पुलिस ने कार चालक नेरूल निवासी आदित्य बेमड़े (23) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा कि वह नशे में गाड़ी चला रहा था। ट्रैफिक कॉन्स्टेबल सिद्धेश्वर माली (37) कार के अगले हिस्से पर बुरी तरह से फंसे रहने के बाद बाल–बाल बच गए। आमतौर पर इस दूरी को तय करने में कम से कम 15–20 मिनट का समय लगता है। यह घटना पाम बीच रोड पर कई जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सिपाही सिद्धेश्वर माली ब्लू डायमंड जंक्शन पर रेड सिग्नल तोड़कर और एक स्कूटर में टक्कर माकर जा रहे कार चालक को रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक ने गति बढ़ा दी।

इससे पहले कि सिपाही कार के रास्ते से हट पाता, वह बोनट पर जा गिरा। फिर भी रुकने से इनकार करते हुए, कार चालक पाम बीच रोड की ओर बाईं ओर मुड़ गया। इस दौरान उसने कई बार सिपाही को बोनट से गिराने की कोशिश की। तब तक पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि एक पुलिसकर्मी को कार के बोनट पर घसीटा जा रहा है।

## बिहार में आग से बढ़ी परेशानी, कहीं घर जल रहे, तो कहीं खलिहान

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में चल रही पछुआ हवा और तेज गर्मी के बीच आग लगने की घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। पटना सहित राज्य के लगभग सभी जिलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। इस बीच, हालांकि आग लगने की घटनाओं में कमी और होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सरकारी उपाय भी किए जा रहे हैं, लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहे हैं।

आपदा विभाग के आंकडों को अगर सच मानें तो राज्य में इस साल एक हजार से अधिक आग लगने की घटनाएं घट चुकी हैं।वैसे, बिहार में आग लगने की घटनाएं कोई नई बात नहीं है। आपदा प्रबंधन विभाग के आंकडों के मुताबिक पिछले वर्ष राज्य में आग लगने की घटनाओं से 83 लोगों की मौत हुई थी जबकि 2021 में 54 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इसी प्रकार 2020 में 28 लोग आग लगने की घटनाओं के भेंट चढ़ गए थे। आंकडों पर गौर करें तो आग लगने की घटनाओं में मरने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस साल राज्य में अब तक 15 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

फिलहाल जो स्थिति बनी हुई है, उसमें प्रतिदिन कहीं न कहीं से आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें फसल, मकान, पशुधन मिलाकर लोगों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है।

राज्य में 1000 से अधिक घटनाएं सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हुई हैं, लेकिन कई घटनाएं ऐसी भी होंगी जो सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हुई। जो घटनाएं दर्ज हुई हैं, दसमें से अधिक घटनाएं मार्च और अप्रैल महीने में घटी हैं। बिहार के जिलों में दरभंगा में अब तक 125 से ज्यादा आग लगने की घटनाएं घट चुकी हैं जबकि समस्तीपुर में 115 से अधिक।

आग लगने की घटनाओं के कारणों के विषय में बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं तो होती ही हैं गेहूं तैयार करने के दौरान थ्रेसर से निकली चिंगारी से भी आग लगती है। इसके अलावे खेतों में लगी गेहूं की फसल में भी एक चिंगारी से आग फैल जाती है और बड़े भूभाग में लगी फसल नष्ट हो जाती है।

वैसे, ग्रामीण पराली जलाने के दौरान भी आग लगने की घटनाओं को कारण मानते हैं। औरंगाबाद जिले में पिछले 10 दिनो में 40 घटनाएं घट चुकी हैं। लोगों को कहना है कि चल रही पछुआ हवा आग लगने के बाद घी का काम करती है।इधर, अग्निशमन अधिकारियों के मुताबिक, गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं में 40 से 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाती है, जिसमें कई तरह के कारणों के अलावे जलावन पर खाना पकाना भी एक कारण है। खाना बनाने के बाद चूल्हे में छोड़ी गई चिंगारी भी दावानल का रूप ले लेती है।

## अतीक के तीनों हमलावर यूपी के अलग–अलग जिलों के हैं निवासी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या करने वाले तीनों हमलावर उत्तर प्रदेश के तीन अलग–अलग जिलों से ताल्लुक रखते हैं। लवलेश तिवारी बांदा, सनी सिंह हमीरपुर और अरुण मौर्य कासगंज का रहने वाला है। हैरानी की बात यह है कि तीनों के परिजनों ने हमलावरों से संबंधों से इनकार किया है और कहा है कि वे घटना से बहुत पहले ही अपने घरों को छोड़ चुके हैं।तीनों पर पूर्व में छोटे–मोटे अपराधों के लिए मामला दर्ज कर जेल भेजा जा चुका है। दोनों भाइयों की हत्या के पीछे हमलावरों के मकसद का पुलिस के पास कोई जवाब नहीं है।तीनों हमलावर घटना के 48 घंटे पहले प्रयागराज आए थे और एक होटल में ठहरे हुए थे।उन्होंने यह नहीं बताया कि अतीक अहमद और अशरफ को मार गिराने के लिए इस्तेमाल किए गए अत्याधुनिक हथियार उन्हें कहां से मिले।

## सीबीआई ने आंध्र प्रदेश के सीएम जगन रेड्डी के चाचा को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पूर्व सांसद विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के चाचा वाईएस भास्कर रेड्डी को गिरफ्तार किया है। विवेकानंद रेड्डी आंध्र प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के भाई और आंध्र प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी के चाचा थे।

यह गिरफ्तारी पूर्व सांसद विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में हुई है। वह पुलीवेंदुला इलाके में स्थित अपने घर में 15 मार्च 2019 को मृत पाए गए थे।

एसआईटी ने पहले इस मामले की जांच की और जुलाई 2020 में इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार, विवेकानंद रेड्डी, काडप्पा लोकसभा सीट से अपने या जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला या जगन की मां वाईएस विजयम्मा



के लिए टिकट मांग रहे थे। जांच में पता चला कि 68 वर्षीय विवेकानंद रेड्डी के घर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घुसकर उनकी हत्या की थी। घटना के वक्त पूर्व सांसद अपने घर में अकेले थे। एसआईटी ने पहले इस मामले की जांच की और जुलाई 2020 में इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी।

विवेकानंद रेड्डी की लोकसभा सीट कडापा से वाईएस अविनाश रेड्डी सांसद हैं, जो कि भास्कर रेड्डी के बेटे हैं। सीबीआई ने भास्कर रेड्डी को उनके पुलिवेंदुला इलाके में स्थित आवास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही भास्कर रेड्डी के समर्थक भारी संख्या में उनके आवास पहुंच गए हैं।

सीबीआई भास्कर रेड्डी को हैदराबाद लेकर गई है, जहां उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। भास्कर रेड्डी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि भास्कर रेड्डी की गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद हुई है, जिसमें कोर्ट ने सीबीआई को 30 अप्रैल तक मामले की जांच पूरी करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ही सीबीआई ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम गठित की गई।

विवेकानंद रेड्डी की बेटी सुनीता रेड्डी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की थी और किसी करीबी पर हत्या का शक जताया था। बीते साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला हैदराबाद ट्रांसफर कर दिया था क्योंकि सुनीता रेड्डी ने याचिका दायर कर आशंका जताई थी कि आंध्र प्रदेश में मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो पाएगी।

# अतीक अहमद का उत्थान व पतन

**लखनऊ(एजेंसी)।** अतीक का जन्म 1962 में एक साधारण पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उसके पिता जीविकोपार्जन के लिए तांगा चलाते थे। जीवन में उसका उत्थान उतना ही नाटकीय था, जितना उनका अंत। अतीक अहमद के उत्थान और पतन की कहानी बॉलीवुड थ्रिलर की तरह है। सूत्रों के मुताबिक अतीक को गरीबी से नफरत थी और हाई स्कूल की परीक्षा में असफल होने के बाद उसने अपने तरीके से गरीबी से निपटने का फैसला किया।

उसने ट्रेनों से कोयला चुराकर पैसे कमाने के लिए उसे बेचना शुरू किया। जल्द ही वह रेलवे स्क्रैम के लिए सरकारी निविदा हासिल करने के लिए ठेकेदारों को धमकाने लगा।

1979 में, महज 17 साल के आयु में अतीक पर इलाहाबाद, अब प्रयागराज में हत्या का आरोप लगाया गया था।

जल्द ही वह राज्य में कई गैंगस्टरों का नेटवर्क चलाने लगा। उसका दबदबा धीरे–धीरे फूलपुर और कौशाम्बी सहित आसपास के इलाकों में फैल गया। 1989 में, जब उसके सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी शौकत इलाही को पुलिस मुठभेड़ में मार दिया गया, तो अतीक अंडरवर्ल्ड का निर्विवाद बादशाह बन गया। उसी वर्ष, अतीक ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में इलाहाबाद पश्चिम विधानसभा सीट से अपना पहला चुनाव लड़ा और जीता। उसने 1989 से 2002 तक लगातार पांच बार इस सीट पर जीत हासिल की। पहली तीन बार निर्दलीय के रूप में, फिर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में और अंत में अपना दल के उम्मीदवार के रूप में। अपना दल के उम्मीदवार के रूप में जीतने के एक साल बाद, अतीक समाजवादी पार्टी में वापस चला गया और 2004 में फूलपुर लोकसभा सीट जीती।

उसे इलाहाबाद पश्चिम विधानसभा क्षेत्र को खाली करना पड़ा, जिसने राजू पाल की हत्या की घटनाओं की एक श्रृंखला को जन्म दिया। 24 फरवरी को उस घटना के एक मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी गई। अतीक को 2005 में राजू पाल की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया और तीन साल बाद जमानत मिल गई।

अतीक चाहे जेल में हो या बाहर, उसने उत्तर प्रदेश के अंडरवर्ल्ड पर अपना बोलबाला बनाए रखा और यह सुनिश्चित किया कि उसके लोगों की सुरक्षा हो।



2007 में, जब वह जेल में था, अतीक पर मदरसा के कुछ छात्राओं के सामूहिक बलात्कार में कथित रूप से शामिल अपने आदमियों को बचाने का आरोप लगाया गया था। इससे आक्रोश फैल गया और समाजवादी पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया। यह उस समय की बात है, जब बसपा प्रमुख मायावती यूपी में सत्ता में लौटीं। पुलिस ने अतीक और उसके भाई पर दबाव बनाया। अतीक ने 2008 में आत्मसमर्पण किया और जेल चला गया। जब 2008 में भारत–अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के बाद संसद में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने वाली मनमोहन सिंह सरकार के संकट प्रबंधकों ने गंभीर आरोपों में जेल में बंद कुछ सांसदों की ओर रुख किया। अतीक उनमें से एक था, जो फली पर मतदान करने के लिए जेल से निकला और यूपीए सरकार को समर्थन कर फिर जेल चला गया। अतीक प्रतापगढ़ से अपना दल के उम्मीदवार के रूप में 2009 के संसदीय चुनाव भी हार गया।

लेकिन चुनावी हार का मतलब यह नहीं था कि उसका दबदबा कम हो गया था।

2012 के यूपी विधानसभा चुनाव में, जब मायावती मुख्यमंत्री थीं, अतीक ने जेल से नामांकन किया। उसने जमानत के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

दस जजों ने उसकी जमानत अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया। 11वें जज ने उसके मामले को सुना और उसे जमानत दे दी। हालांकि, वह राजू पाल की पत्नी पूजा पाल से चुनाव हार गया।

यूपी में समाजवादी पार्टी के सत्ता में आने के एक साल बाद 2013 में अतीक को रिहा कर दिया गया। उसने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में श्रावस्ती से 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन फिर हार गया।

दिसंबर 2016 में अतीक और उसके सहयोगियों ने एक ईसाई अल्पसंख्यक संस्थान के कर्मचारियों पर हमला किया, जिन्होंने दो छात्रों को नकल करते पकड़े जाने के बाद परीक्षा देने से रोक दिया था। हिंसा कैमरे में कैद हो गई।

जनवरी 2017 में, जब अखिलेश यादव ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव से समाजवादी पार्टी का नियंत्रण ले लिया, तो अतीक का समाजवादी पार्टी रिश्ता ढीला पड़ा गया। अपराधी से नेता बने अतीक से अखिलेश दूर रहना चाहते थे।

अतीक को गिरफ्तार नहीं करने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी यूपी पुलिस को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद अतीक की गिरफ्तारी हुई और तब से अतीक जेल में था। मार्च 2017 में, जब योगी आदित्यनाथ भाजपा सरकार में यूपी के मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने 'अपराधियों के साम्राज्यइ को ध्वस्त करने का वादा किया। अतीक को उसके गढ़ इलाहाबाद से राज्य की देवरिया जेल ले जाया गया। देवरिया जेल में अतीक ने अपना साम्राज्य चलाया और एक व्यापारी मोहित जायसवाल का अपहरण कराकर जेल में बुलवाया। उससे संपत्ति के कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवाए गए और बेरहमी से पिटाई भी की। इसके बाद अतीक को बरेली जेल ले जाया गया। लेकिन जेल अधीक्षक डर गए और उसे वहां नहीं रखना चाहता थे। अप्रैल 2019 में कड़ी सख्ती के बीच योगी सरकार ने अतीक को प्रयागराज की नैनी जेल में शिफ्ट कर दिया। इस समय तक, सुप्रीम कोर्ट ने देवरिया जेल मामले में अपना फैसला सुना दिया और अतीक को गुजरात के साबरमती जेल शिफ्ट करने का आदेश दिया। अतीक अहमद के खिलाफ जबरन वसूली, अपहरण और हत्या सहित 100 से अधिक मामले दर्ज थे, लेकिन राजू पाल की हत्या के एक गवाह उमेश पाल के अपहरण में उसे पहली बार सजा पिछले महीने मिली थी।

विडंबना यह है कि उमेश पाल की हत्या के एक महीने बाद सजा सुनाई गई।

अतीक अहमद का अपराध और राजनीति के बीच सहजीवी संबंध रहा है, लेकिन वह अपनी राजनीति से ज्यादा अपराध के लिए जाना जाता था।

उसने अपने अंडरवर्ल्ड साम्राज्य को बचाने और विस्तार करने के लिए चतुराई से राजनीति का इस्तेमाल किया।चूंकि जेल में उसका रहना लंबा हो रहा था, अतीक ने अपनी पत्नी शाइस्ता परवीन को बसपा में शामिल करा दिया, लेकिन जैसा कि किस्मत में था, उमेश पाल की हत्या के आरोप में नामित होने के कारण उसे आगामी मेयर चुनावों में टिकट से वंचित कर दिया गया था।

अतीक के बेटे भी उसके नक्शेकदम पर चल रहे हैं।

अतीक का सबसे बड़ा बेटा उमर वर्तमान में 2018 में लखनऊ के एक व्यवसायी मोहित जायसवाल को जबरन वसूली, हमला करने और अपहरण करने के आरोप में जेल में है।

उमर ने पिछले साल अगस्त में सीबीआई के सामने सरेंडर किया था। वह इस समय लखनऊकी जेल में है।

उसका दूसरा बेटा अली भी जेल में है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। उसे हाल ही में उस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। लेकिन उसके खिलाफ फिरौती का एक और मामला दर्ज है। वह प्रयागराज के नैनी जेल में शहर के एक प्राप्टी डीलर से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में बंद है।

तीसरे बेटे असद को पिछले हफ्ते एक मुठभेड़ में मार दिया गया था और अतीक के दो नाबालिग बेटे किशोर आश्रय गृह में बंद हैं।

शनिवार की रात जब अस्पताल परिसर में तीन युवकों ने अतीक और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी, तो कइयों को इस घटना की भनक लग गई।

अतीक ने खुद आशंका जताई थी कि उसे यूपी में मार दिया जाएगा, लेकिन उसके बेटे असद के मारे जाने के 72 घंटे के भीतर ऐसा हो जाएगा, इसकी उसने उम्मीद नहीं की थी।

कहा जाता है कि एक खूनी शुरुआत का हमेशा एक खूनी अंत होता है।

## यूपी : एसयूवी से कुचलकर गार्ड की मौत

**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर में नवाबगंज पुलिस सर्कल की सीमा के तहत मौनी घाट आजाद नगर इलाके में एक प्रमुख मसाला व्यवसायी के बंगले पर खड़ी एक एसयूवी ने 35 वर्षीय सुरक्षा गार्ड को कुचल दिया। सुरक्षा गार्ड के परिजनों ने हंगामा किया और आरोप लगाया कि उसकी हत्या की गई है। इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।मृतक की पहचान नवाबगंज निवासी आदित्य मिश्रा के रूप में हुई है।हादसा शनिवार को हुआ।

गार्ड मसाला निर्माण कंपनी के मालिक अनुराग गुप्ता के आजाद नगर बंगले पर तैनात था।थाना प्रभारी नवाबगंज प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि जांच के दौरान घटना स्थल पर एक सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ मिला है और पुलिस तथा फोरेंसिक विशेषज्ञ इसे खंगाल रहे हैं।पांडेय ने कहा, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि जब व्यवसायी अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद घर लौटा तो उसने अपनी एसयूवी बेसमेंट में ढलान पर खड़ी कर दी थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया, आदित्य कुछ देर बाद पहुंचा और बाइक को बेसमेंट में पार्क करने के लिए ढलान से नीचे ले जा रहा था। इसी बीच बाइक एसयूवी से टकरा गई और हैंडब्रेक छूट गया और वह लुढ़क गया। आदित्य कार व दीवार के बीच में फंस गया।

## सम्पादकीय

# सुरक्षा प्रबंध पर उठेंगे सवाल

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माफियाओं के खात्मे के लिए शुरू किया गया अभियान अब सरकार के गले की फांस बन गया है। अब तक उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस भले ही हत्यारों को मार गिराने में कामयाब हुई थी लेकिन इधर पुलिस अभिरक्षा में अतीक अहमद एवं उसके भाई अशरफ की सरेआम हत्या से उत्तर प्रदेश पुलिस पर सवाल खड़े हो गए हैं। अशरफ और उसके भाई को शनिवार रात प्रयागराज के अस्पताल में मेडिकल के लिए लाया गया था और इसी दौरान तीन युवकों ने बेहद करीब से दोनों को गोलियां बरसा कर मौत के घाट उतार दिया। हैरानी की बात यह है कि यह सब भारी–भरकम पुलिस बंदोबस्त के बीच हुआ और पुलिस तत्काल कार्रवाई नहीं कर पाई। हालांकि हत्यारों ने बाद में खुद ही पुलिस के आगे सरेंडर कर अपने हथियार डाल दिए लेकिन तब तक दोनों दम तोड़ चुके थे। अतीक और अशरफ की मौत के बाद सूरत सूरत में सरकार भी अब तक समझ चुकी थी की स्थिति बिगड़ चुकी है और और इस पर तत्काल नियंत्रण करने के लिए पूरे तंत्र को सतर्क करना होगा। असद और गुलाम अहमद के एनकाउंटर के बाद से ही विपक्ष सरकार के मंसूबों पर सवाल उठा रहा था लेकिन इधर अधिक और अशरफ की सरेआम हत्या ने आग में घी का काम किया है। निश्चित तौर पर पुलिस अभिरक्षा में किसी भी अभियुक्त को मार देना सीधे तौर पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी ही कही जा सकती है। अतीक अहमद और अशरफ की हत्या एक षड्यंत्र भी हो सकती है जिसके तहत कहीं ना कहीं अति के पाकिस्तान और आईएस–ाआई से संबंध तथा उत्तर प्रदेश के प्रभावी लोगों से संपर्क भी आने वाले समय में कहीं रहस्योद्घाटन कर सकता था। पुलिस अभिरक्षा में किसी भी अभियुक्त के मरने के बाद उस पर सवाल खड़े होने ही हैं और यदि पेशी के दौरान एक ऐसे अपराधी को मौत के घाट उतार दिया जाता है जो अपने सीने में कई राज दफन किए हुए हो तो संदेह उत्पन्न होना ही है। उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रदेश पुलिस को इस हत्याकांड का जवाब देने में काफी मुसीबतें झेलनी पड़ेगी। आखिर कैसे एक मोस्ट वांटेड माफिया को इतनी ढिलाई के साथ मेडिकल के लिए लाया गया खासतौर से उन परिस्थितियों में जब उसका अब अपराध का गढ़ पहले से ही ढह रहा था। इस प्रकरण में यदि निष्पक्षता से जांच होती है तो कई रहस्य खुलकर सामने आ सकते हैं की क्या वाकई अतीक और अशरफ की हत्या बदले की भावना से की गई या फिर कोई उन राज्यों को उजागर नहीं होने देना चाहता था जो अतीक अपने आतंकी संबंधों को लेकर खोलने वाला था। अवैध हथियार मंगाने में वह अकेला तो शामिल नहीं रहा होगा और कहीं ना कहीं इस काम में कई और लोगों की सूची अतीक के जिंदा रहते मिल सकती थी।

# कर्नाटक में अल्पसंख्यक



**कर्नाटक में कांग्रेस विधायक रिजवान अरशद पार्टी के मौजूदा सात मुस्लिम विधायकों में से एक हैं। वो कहते हैं, आज हिन्दुस्तान में जो माहौल बनाया गया है, समाज में जिस तरीके से माइनॉरिटी मेजॉरिटी का खेल खेला जा रहा है और इसमें माइनॉरिटी को अलग करके मेजॉरिटी को जोडने़ की एक सियासत चल रही है, ये फ़ासिज़्म का जो मॉडल पहले चला है सब जगह, वो हिन्दुस्तान में चल रहा है । जब आप माइनॉरिटी को अलग कर देंगे और मेजॉरिटी को आप अलग कर देंगे और आप चुनाव करवा देंगे, तो जाहिर सी बात है कि माइनॉरिटी कैंडिडेट थोड़ा डिसएडवांटेज में रहेगा । जैसे– जैसे कॉम्युनल पॉलिटिक्स बढ़ती है, तो माइनॉरिटीज के लिए बहुत बड़े चैलेंजेज़ हो जाते हैं । राज्य के धारवाड़ चुनावी क्षेत्र में कांग्रेस नेता इस्माइल टमटगर दो बार जेडीएस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन दोनों बार वो चुनाव हार गये । अब वो कांग्रेस पार्टी में हैं और वो कहते हैं, धाड़वार से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लडऩा चाहते हैं ।**

अजय दीक्षित

कई राज्यों में चुनाव होने हैं । चुनावी सरगर्मी के बीच मुस्लिम नेताओं की अपनी पार्टियों से मांग सामने आई है कि उन्हें चुनावों में अधिक सीटें दी जाएं । उनका दावा है कि राजनीति और समाज में उनका प्रतिनिधित्व घटता जा रहा है और मुस्लिम समुदाय हाशिए पर धकेला जा रहा है । दिसम्बर में 182 सीटों वाले गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे आये । इस चुनाव में सिर्फ एक मुस्लिम उम्मीदवार की जीत हुई और वे थे कांग्रेस के इमरान खेड़ावाला । पिछले विधानसभा चुनाव में गुजरात से तीन मुस्लिम विधायक चुने गये थे । लेकिन इस बार लगभग 10 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले राज्य गुजरात में केवल एक मुसलमान विधायक चुना गया है । लेकिन विधानसभाओं में मुसलमानों के प्रतिनिधित्व की कमी गुजरात या सिर्फ भाजपा शासित राज्यों तक ही सीमित नहीं है । विशेषज्ञों का कहना है कि अब कुछ गैर बीजेपी सरकारें और पार्टियां भी मुस्लिम उम्मीदवारों को हार के डर से टिकट देने या मंत्री बनाने से परहेज करने लगी हैं ।

कर्नाटक में अप्रैल या मई में विधानसभा की 224 सीटों के लिए मतदान होना है । पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी 224 में से 104 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी कांग्रेस को 80 सीटों पर और जनता दल सेक्यूलर (जेडीएस) को 37 सीटों पर जीत हासिल हुई थी कांग्रेस और जनता दल सेक्यूलर की मिली जुली सरकार बनी । लेकिन 15 विधायकों ने अपनी पार्टियों से विद्रोह करके भाजपा में शामिल होने का फैसला किया । फिर भाजपा ने सरकार बना ली । मुस्लिम समुदाय के केवल सात विधायक चुनाव जीत कर आये थे और वो भी सभी कांग्रेस पार्टी से । इस बार कांग्रेस और जेडीएस के मुस्लिम नेताओं ने अपनी पार्टियों से मुस्लिम उम्मीदवारों को अधिक टिकट देने की मांग की है । राज्य में लगभग 20 से 23 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम वोट काफी महत्वपूर्ण हैं । कर्नाटक में मुसलमानों की आबादी 13 फीसदी है कांग्रेस के मुस्लिम नेता विधानसभा की कुल 224 सीटों में से 21 से 23 सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा करने की मांग कर रहे हैं । उनके अनुसार पिछली बार की तरह इस बार भी अगर मुसलमानों को कांग्रेस ने 15–17 सीटें ही दीं, तो इससे समुदाय का बड़ा नुकसान होगा ।

कर्नाटक में कांग्रेस विधायक रिजवान अरशद पार्टी के मौजूदा सात मुस्लिम विधायकों में से एक हैं। वो कहते हैं, आज हिन्दुस्तान में जो माहौल बनाया गया है, समाज में जिस तरीके से माइनॉरिटी मेजॉरिटी का खेल खेला जा रहा है और इसमें माइनॉरिटी को अलग करके मेजॉरिटी को जोडने़ की एक सियासत चल रही है, ये फ़ासिज़्म का जो मॉडल पहले चला है सब जगह, वो हिन्दुस्तान में चल रहा है । जब आप माइनॉरिटी को अलग कर देंगे और मेजॉरिटी को आप अलग कर देंगे और आप चुनाव करवा देंगे, तो जाहिर सी बात है कि माइनॉरिटी कैंडिडेट थोड़ा डिसएडवांटेज में रहेगा । जैसे–जैसे कॉम्युनल पॉलिटिक्स बढ़ती है, तो माइनॉरिटीज के लिए बहुत बड़े चैलेंजेज़ हो जाते हैं । राज्य के धारवाड़ चुनावी क्षेत्र में कांग्रेस नेता इस्माइल टमटगर दो बार जेडीएस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन दोनों बार वो चुनाव हार गये । अब वो कांग्रेस पार्टी में हैं और वो कहते हैं, धाड़वार से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लडऩा चाहते हैं । मुस्लिमों को पिछली बार 17 सीटें दी गई थीं, जिनमें से सात उम्मीदवार जीते थे । जीत का प्रतिशत 41 फ़ीसदी है ।

कांग्रेस के टिकट पर कर्नाटक के अन्य प्रमुख समुदायों का जीत प्रतिशत 33 फ़ीसदी है । प्रतिशत दूसरों की तुलना में बेहतर है, तो ये उचित है कि हम पिछली बार की तुलना में 4–5 सीटों की अधिक मांग करें । हिजाब के कारण पिछले साल कर्नाटक में बड़ा विवाद हुआ था । मुस्लिम नेताओं का दावा है कि इस कारण उनका समुदाय सामाजिक और राजनीतिक तौर पर हाशिए पर आ गया है । हिजाब का विरोध करने वाले हिन्दुओं का कहना है कि मुस्लिम लड़कियों को सरकारी स्कूलों में हिजाब पहन कर नहीं आना चाहिये, बल्कि दूसरे बच्चों की तरह उनको भी स्कूल यूनिफॉर्म पहनना चाहिये । दावणगेरे शहर में जबीना खानम एक मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं । वे बीड़ी मजदूरों के अधिकारों के लिए लड़ती हैं । ये सभी मज़दूर गरीब मुस्लिम समुदाय से हैं ।

उनका मानना है कि पिछले साल मुस्लिम समुदाय को अलग–थलग करने के लिए विवाद पैदा किए गए थे। वो कहती हैं, जब हिजाब विवाद समाप्त हुआ, तो हलाल मीट का बहिष्कार शुरू हो गया और जब वो विवाद ख़त्म हुआ तो अज़ान विवाद शुरू हो गया ।

परिणामस्वरूप मुस्लिम समुदाय भय में रहता श्रीराम सेने के संस्थापक प्रमोद मुतालिक ने पिछले साल राज्य में हिजाब विवाद के बाद मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान किया था । वो दावा करते हैं कि मुसलमानों के राजनीतिक हाशिए पर जाने की ज़म्मेदार कांग्रेस की तुष्टिकरण की पॉलिसी है । वे कहते हैं, चाहे विधायक का चुनाव हो या सांसद का, उनकी (मुसलमानों की घटती संख्या देखी जा सकती है । कांग्रेस पार्टी शुरुआत से मुसलमानों का बहुत अधिक तुष्टीकरण किया, जिसके कारण हिन्दू समाज एकत्रित होने लगा ।

जबीन खानम इसे सही नहीं मानतीं। वो कहती हैं, इण्डिया में मुस्लिम आबादी 15 प्रतिशत है । उसके हिसाब से न तो विधानसभा में हम आवाज़ हैं, न तो संसद में हमारी आवाज़ है । एक तरह से सियासत से दूर किया जा रहा है । वो चाहते हैं कि हम अपने मसले पर आवाज न उठाएं, वो चाहते हैं कि दूसरे दर्जे के शहरी की तरह रहें । हमारे अधिकारों से हमें महरूम करना और हमारी समाजित हालत को बिगाडऩा । कर्नाटक में मौजूदा विधानसभा में सभी सात निर्वाचित मुस्लिम विधायक

# यूपीए रहेगा या कोई नया मोर्चा बनेगा?



विपक्षी पार्टियां अगर लोकसभा चुनाव के लिए एकजुट होती हैं तो वह एकजुटता किस बैनर के तले होगी? कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए में ही सभी पार्टियां शामिल होंगी या लोकसभा चुनाव के लिए कोई अलग मोर्चा बनेगा? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि कई पार्टियों को कांग्रेस के साथ यूपीए में शामिल होने में आपत्ति है। इतना ही नहीं कई ऐसी पार्टियां हैं, जो अब भी कांग्रेस के साथ गठबंधन में हैं लेकिन उस गठबंध को यूपीए नहीं कहा जाता है। इसलिए कुछ क्षेत्रीय नेता संयुक्त मोर्चा या राष्ट्रीय मोर्चा की तर्ज पर अलग मोर्चा बनाने की बात कर रहे हैं, जिसमें कांग्रेस भी एक घटक दल हो।

अभी जो यूपीए है वह 2004 के लोकसभा चुनाव के समय बना था और उसकी कमान तभी से कांग्रेस के हाथ में है। इसमें कांग्रेस के पुराने सहयोगी घटक दल के रूप में शामिल हैं। लेकिन कई राज्यों में इससे अलग मोर्चा भी बना है। जैसे बिहार में लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल यूपीए का घटक दल है, लेकिन नीतीश कुमार की पार्टी जदयू यूपीए में शामिल नहीं है। इसलिए बिहार में सरकार बनाने के लिए जो गठबंधन बना उसे महागठबंधन का नाम दिया गया। उसमें राजद और कांग्रेस के साथ साथ जदयू, सीपीआई, सीपीएम, सीपीआई एमएल, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा और विकासशील इंसान पार्टी शामिल हैं। ध्यान रहे लेफ्ट की तीनों पार्टियां और हम व वीआईपी भी यूपीए के घटक नहीं हैं।

इसी तरह महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी एनसीपी यूपीए का घटक दल है लेकिन शिव सेना का उद्धव ठाकरे गुट अभी यूपीए में शामिल नहीं हुआ है। इसलिए वहां जब ये तीनों पार्टियां एक साथ आईं तो उनके मोर्चे को महा विकास अघाड़ी यानी एमवीए का नाम दिया गया। वह एमवीए अब भी है। जम्मू कश्मीर में विधानसभा भंग होने से पहले 2018 में राज्य की दोनों प्रादेशिक पार्टियों– पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस ने कांग्रेस के साथ मिल कर सरकार बनाने की पहल की थी। लेकिन तब भी वे पार्टियां यूपीए में शामिल नहीं हुईं। बाद में 2019 में जब अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ और राज्य के नेता नजरबंद किए गए तो नजरबंदी समाप्त होने के बाद वहां गुपकर एलायंस नाम से एक गठबंधन बना।

इसके अलावा कई ऐसी पार्टियां हैं, जिनके साथ तालमेल करके अलग अलग राज्यों में कांग्रेस ने चुनाव लड़ा लेकिन वो पार्टियां यूपीए में शामिल नहीं हुईं। जैसे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का 2017 के चुनाव में तालमेल हुआ था। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में सीपीएम और कांग्रेस मिल कर चुनाव लड़े थे।

लेकिन यह तय है कि कम्युनिस्ट पार्टियां यूपीए में शामिल नहीं होंगी। तभी इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि यूपीए की बजाय एक अलग मोर्चा बने। उसे नया नाम दिया जाए और उसका एक एजेंडा तय हो। साथ ही उसका एक नया नेता भी चुना जाए।

## केचअप के बिना खाने का दिल ही नहीं करता... यहां इसके नुकसान भी जान लें

केचअप जंक फूड का बड़ा हिस्सा है. चाउमीन, बर्गर जैसे आइटम बिना केचअप के अच्छे नहीं लगते हैं. बच्चे हो या बड़े केचअप के साथ इन जंक फूड को बड़े चाव से खाते हैं. वहीं, केचअप को बच्चे तो आमतौर पर ब्रेड, रोटी या किसी भी डाइट के संग ले लेते हैं. स्वाद में खट्टा मीठा होने के कारण ये बहुत अधिक टेस्टी लगता है. लेकिन स्वाद–स्वाद के चक्कर में कई बार इसे अधिक खा लिया जाता है. अब केचअप बस खाते ही जा रहे हैं. क्या इसके नुकसान को भी जानते हैं. केचअप खाने से कई तरह की हेल्थ से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं.

हो सकती है डायबिटीज

टोमेटो केचअप को बनाने में कई तरह के केमिकल्स और प्रिजरवेटिव्स का प्रयोग किया जाता है. इसमें शुगर भी काफी अधिक होती है. केचअप के खाने से जहां मोटापा बढ़ सकता है, वहीं डायबिटीज भी घर बना सकती है.

हाइपरटेंशन का रहता खतरा

केचअप में नमक की भी अच्छी खासी मात्रा का प्रयोग किया जाता है. मीठा के साथ ये अधिक खट्टेपन का अहसास भी होता है. इसके अधिक सेवन से हाईब्लड प्रेशर यानि हाइपरटेंशन की समस्या भी हो सकती है.

एसिडिटी की हो सकती है समस्या

टोमेटो केअचप में कई तरह के केमिकल्स का प्रयोग किया जाता है. इससे पेट में एसिडिटी और गैस संबंधी परेशानी हो सकती हैं. जलन की समस्या भी बन सकती हैं.

# भ्रष्टाचार पर जुबानी जमाखर्च!

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी ने 'कांग्रेस फाइल्सइ नाम से दो एपिसोड की एक सीरिज बनाई है, जिसमें कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बताया गया है। यह सीरिज देखते हुए जो बात सबसे पहले दिमाग मे आई वह ये है कि इस देश में राजनीति और गवर्नेंस दोनों की अवधारणा सिर के बल खड़ी हो गई है यानी उलटी हो गई है। आमतौर पर सरकार के ऊपर विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार के आरोप लगाती हैं और जांच की मांग करती हैं। यहां उलटा हो रहा है। अब सरकार ही विपक्ष के ऊपर आरोप लगा रही है और पता नहीं क्यों जांच नहीं करा रही है, जबकि सारी एजेंसियां उसके पास हैं और एजेंसियां कहीं न कहीं जांच भी कर रही हैं। सवाल है कि इस उलटबांसी का क्या मतलब है? और उससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या आम आदमी को सरकार की ओर से विपक्ष पर लगाए गए आरोपों पर भरोसा करना चाहिए?

भाजपा की ओर से बनाई गई 'कांग्रेस फाइल्सइ की पहली कड़ी में चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले के बारे में बताया गया है। इसमें एक लाख 76 हजार करोड़ रुपए का संचार घोटाला शामिल है और कई लाख करोड़ रुपए का कोयला घोटाला भी शामिल है। इन दो घोटालों की ही रकम चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाती है। मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में यानी 2009 से 2014 के बीच हुई इन दो कथित घोटालों की बड़ी चर्चा हुई थी। इनके खिलाफ 'इंडिया अगेंस्ट करप्शनइ का जन्म हुआ था और अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल का आंदोलन हुआ था। कांग्रेस के बुरी तरह से हार कर सत्ता से बाहर होने और नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने का सबसे बड़ा कारण ये दो घोटाले बने थे। इन दो के अलावा उस समय भाजपा ने आकाश से लेकर पाताल तक और धरती से लेकर हवा और अंतरिक्ष तक में घोटाले बताए थे।

बहरहाल, जब नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने तो क्या सबसे पहले यह नहीं होना चाहिए था कि वे दो सबसे बड़े घोटालों– संचार और कोयला, की जांच कराते और दोषियों को सजा दिलाते? क्या किसी को पता है कि इन दोनों मामलों में क्या हुआ है? जो लोग 'कांग्रेस फाइल्सइ के वीडियो शेयर कर रहे हैं उनको भी पता नहीं होगा कि संचार और कोयला घोटाले में क्या हुआ है। हकीकत यह है कि संचार घोटाले के तमाम आरोपी निचली अदालत से बरी हो गए हैं। सीबीआई ने हाई कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ अपील की है लेकिन ए राजा से लेकर कनिमोझी तक सब न सिर्फ जेल से बाहर हैं, बल्कि सांसद भी हैं। ए राजा तो लोकसभा में पीठासीन पदाधिकारियों के पैनल में भी हैं और सदन का संचालन भी करते हैं। इसी तरह कोयला घोटाले में



**नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने तो क्या सबसे पहले यह नहीं होना चाहिए था कि वे दो सबसे बड़े घोटालों– संचार और कोयला, की जांच कराते और दोषियों को सजा दिलाते? क्या किसी को पता है कि इन दोनों मामलों में क्या हुआ है? जो लोग 'कांग्रेस फाइल्सइ के वीडियो शेयर कर रहे हैं उनको भी पता नहीं होगा कि संचार और कोयला घोटाले में क्या हुआ है। हकीकत यह है कि संचार घोटाले के तमाम आरोपी निचली अदालत से बरी हो गए हैं। सीबीआई ने हाई कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ अपील की है लेकिन ए राजा से लेकर कनिमोझी तक सब न सिर्फ जेल से बाहर हैं, बल्कि सांसद भी हैं। ए राजा तो लोकसभा में पीठासीन पदाधिकारियों के पैनल में भी हैं और सदन का संचालन भी करते हैं। इसी तरह कोयला घोटाले में**

कोई भी राजनेता जेल में नहीं है। तत्कालीन कोयला सचिव एचसी गुप्ता को छोड़ कर किसी को सजा नहीं हुई है। अगर किसी की स्मृति अच्छी हो तो याद कर सकता है कि कैसे 1989 के लोकसभा चुनाव में वीपी सिंह नाटकीय अंदाज में कागज का एक पुर्जा निकालते थे और सभाओं में लोगों को दिखा कर कहते थे कि इस पर उन लोगों के नाम हैं, जिनको बोफोर्स में रिश्वत मिली है और उनके खाते का नंबर है। सरकार बनते ही घोटालेबाज जेल में होंगे और पैसे उनके खाते से निकाले जाएंगे। वीपी सिंह तो प्रधानमंत्री हो गए लेकिन दोषी और उनके खातों का पता लगाने में एजेंसियों को 20 साल लग गए। वही कहानी संचार और कोयला घोटाले में दोहराई जा रही है।

इसी तरह 'कांग्रेस फाइल्सइ की दूसरी कड़ी में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के कथित घोटाले का जिक्रहै। इसमें कहा गया है कि कैसे एक पेंटिंग जबरदस्ती एक कारोबारी को दो करोड़ रुपए में बेची गई और उस पैसे का इस्तेमाल सोनिया गांधी के इलाज में किया गया। एक अलग घटनाक्रम में यस बैंक के पूर्व चेयरमैन राणा कपूर ने कहा था कि उनको पेंटिग खरीदने के लिए मजबूर किया गया था। ध्यान रहे पेंटिंग एमएफ हुसैन की है और उसकी दो करोड़ रुपए कीमत कोई ज्यादा नहीं है। इसके बावजूद अगर इसमें कोई आपराधिकता है या 'क्विड प्रो कोइ है यानी पेंटिंग खरीदने के बदले में राणा कपूर को कोई मदद पहुंचाई गई थी तो उसकी जांच करके सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को सजा क्यों नहीं दी जा रही है? हकीकत यह है कि इस मामले में अभी तक कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं है।

ऐसा नही है कि इतने ही मामले हैं, जिनमें सरकार की ओर से आरोप लगाए गए हैं और न कोई सबूत पेश किया गया है और न कोई कार्रवाई हुई है। ऐसे अनगिनत मामले हैं। जैसे फरवरी के महीने में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मेघालय में प्रचार करते हुए कहा कि कोनरेड संगमा की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। अगर केंद्र सरकार का नंबर दो मंत्री यह बात कह रहा है तो उसके पास जरूर कोई सबूत होंगे। लेकिन उन सबूतों के आधार पर कोनरेड संगमा के खिलाफ मुकदमा करने और उन पर कार्रवाई करने की बजाय दो मार्च को आए नतीजों के बाद भाजपा ने उनके साथ फिर सरकार बना ली। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने गए तो उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार कांग्रेस के लिए हमेशा एटीएम की तरह रही है। उन्होंने पहले भी कर्नाटक से दिल्ली पैसा भेजे जाने का आरोप लगाया था। तो क्या ऐसा नहीं होना चाहिए कि केंद्र सरकार की एजेंसियां उस एटीएम का पता लगातीं, दिल्ली पैसा भेजे जाने की छानबीन करतीं और दोषी नेताओं पर कार्रवाई करतीं? लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

तभी सवाल है कि ऐसे आरोपों का क्या मतलब है? भ्रष्टाचार पर इस तरह की जुबानी जमाखर्च से क्या हासिल होगा? अगर इतने बड़े घोटाले करने वालों पर कार्रवाई नहीं होगी तो क्या उससे भ्रष्टाचारियों के हौसले नहीं बढ़ेंगे? कायदे से सरकार को आरोप लगाने की बजाय कार्रवाई करनी चाहिए।

संचार घोटाला, कोयला घोटाला, आदर्श घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, देवास घोटाला से लेकर कोनरेड संगमा और कर्नाटक कांग्रेस के कथित घोटाले की पूरी सख्ती से जांच करानी चाहिए और दोषियों को सजा दिलानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो यही माना जाएगा कि भाजपा और उसके शीर्ष नेताओं के लिए भ्रष्टाचार से लडऩा कोई प्रतिबद्धता का मामला नहीं है, बल्कि चुनावी राजनीति का मामला है। वह सिर्फ जुबानी जमाखर्च करके कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों को बदनाम करती है और वोट लेती है। इसका यह भी मतलब होगा कि या तो घोटाला नहीं हुआ है और अगर हुआ है तो असली दोषियों को सजा दिलाने की भाजपा की मंशा नहीं है।

# रूसी तेल का कारोबार

रूस अब भारत को सबसे ज्यादा कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला देश बना गया है। अब तक इराक से भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था लेकिन मार्च में रूस से भारत का आयात इराक के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा हुआ।

यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस अंतरराष्ट्रीय पाबंदियों का शिकार बना है और एक समय ऐसा लग रहा था जैसे उसकी पूरी अर्थव्यवस्था बिखर जाएगी। लेकिन उसके कच्चे तेल ने उसके बचा लिया है और दुनिया के दूसरे कई देशों की अर्थव्यवस्था भी बचा ली है। असल में कारोबार की यही खूबी होती है उसमें तमाम राजनीतिक सीमाएं मिट जाती हैं। सोचें, रूस के ऊपर अमेरिका और यूरोप में बड़ी बड़ी पाबंदियां लगा रखी हैं और उन पाबंदियों की वजह से रूस उनको कच्चा तेल नहीं बेच सकता है लेकिन वह भारत को कच्चा तेल बेच सकता है, जिसे रिफाइन करके भारतीय कंपनियां अमेरिका और यूरोप के देशों को बेच सकती हैं। गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज की यह नीति सबको रास आ रही है। भारत को तेल की कीमत स्थिर बनाए रखने में इससे मदद मिल रही है तो अमेरिका और यूरोप को भी तेल व गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है और साथ ही रूस की आक्रमकता का विरोध करने की नीति भी जारी है।

सबके फायदे वाली इस नीति का असर यह हुआ है कि रूस अब भारत को सबसे ज्यादा कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला देश बना गया है। अब तक इराक से भारत सबसे ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था लेकिन पिछले महीने यानी मार्च में रूस से भारत का आयात इराक के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा हो गया। भारत ने रूस से मार्च में 16.4 लाख बैरल तेल आयात किया, जबकि मार्च में इराक से भारत का तेल आयात 8.1 लाख बैरल रहा। भारत को कच्चे तेल के आयात में इराक अब तीसरे स्थान पर चला गया है। दूसरे स्थान पर सऊदी अरब है, जिससे भारत ने पिछले महीने 9.86 लाख बैरल तेल आयात किया है। अमेरिका से भी भारत का कच्चे तेल का आयात कम हुआ है, जबकि अमेरिका को रिफाइन तेल के निर्यात में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है।

दुनिया के देशों ने अपनी जरूरत के लिए भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने और रिफाइन करके बेचने की अनुमति दी है। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में भारत हमलावर रूस के साथ खड़ा दिख रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच भारत की छवि पर भी निश्चित रूप से असर हुआ है।

दूसरे, रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदने का भारत के आम लोगों को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। पिछले साल फरवरी में रूस से कच्चे तेल का आयात एक फीसदी से भी कम

## बच्चों को इन फूड आइटम्स को खिलाएं... नहीं होगा हीट स्ट्रोक का खतरा

गर्मियों ने दस्तक दे दी है. लोगों को पंखे में भी गर्मी महसूस होने लगी है. कुछ जगह पर अभी से कूलर और एसी का सहारा लेने लगे हैं. हालांकि हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि अभी से कूलर, एसी से लोग मौसमी वायरल के शिकार हो सकते हैं. लोग सावधानी बरतें. वहीं आने वाले कुछ दिनों में सिर तपाने वाली गर्मी पडने़ वाली है. लू भी चलेंगी, तपिश में लोगों का घर से निकलना दूभर हो जाएगा. गर्मियों में लगने वाले हीट स्ट्रोक से बड़े ही नहीं बच्चों को भी संभालकर रखने की जरूरत है. ऐसे ही फूड आइटम्स के बारे में जानने की कोशिश करेंगे, जिन्हे बच्चों को खिलाकर हीट स्ट्रोक से बचाया जा सकता है. **खीरा व ककड़ी खाएं** गर्मियों में खीरा और ककड़ी की खेप बाजार में आ जाती है. लोग इसे खाना पसंद करते हैं. वहीं, खीरा विटामिन के, विटामिन डी जैसे सोर्स से भरपूर भी होता है. ये सभी बॉडी में पानी की कमी नहीं होने देते हैं. बच्चे चाट के रूप में भी ककड़ी, खीरा खा सकते हैं. **छाछ और दही** दूध से दही और छाछ बनाए जाते हैं. बच्चे बाहर के जंक फूड और पेय पदार्थ पीते हैं. ये फायदे के बजाय नुकसान अधिक करते हैं. इससे इतर बच्चों को दही, छाछ, रायता बनाकर पिलाया जा सकता है. ये पेट को ठंडा करने का काम करते हैं, साथ ही दही और छाछ एनर्जी भी देते हैं. **नारियल पानी** नारियल पानी बॉडी में पानी की कमी पूरी करने का बड़ा सोर्स है. बच्चे पानी कम पीते हैं, मगर नारियल पानी को पीना अधिक पसंद करते हैं.

# मां गंगा के मूल स्वरूप को बचाए रखना हम सबका नैतिक दायित्वः सीएम







देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परमार्थ निकेतन में आयोजित गंगा समग्र अविरल गंगा निर्मल गंगा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अविरल गंगा निर्मल गंगा अभियान के तहत गंगा को स्वच्छ रखने के लिए कार्य किए जा रहे हैं जिसमें गंगा को साफ सुथरा रखने के साथ–साथ जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवनदायिनी मां गंगा के मूल स्वरूप को बचाए रखना हम सबका नैतिक दायित्व है। केंद्र व राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्रथम चरण के तहत गंगा में मिलने वाले 132 गंदे नालों के पानी को एसटीपी के माध्यम से स्वच्छ किया गया है। जबकि दूसरे चरण के लिए प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि गंगा के साथ साथ उसकी सहायक नदियों पर भी कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, स्वामी चिदानंद जी महाराज, रामाशीष राय सहित स्वच्छ गंगा मिशन से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कर्णप्रयाग के बैसाखी मेले में मेधावियों को बांटे पुरस्कार

चमोली। 13 अप्रैल से शुरू हुए चार दिवसीय बैसाखी पर्यटन एवं सांस्कृतिक मेले का समापन रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस दौरान मेले में प्रतिभागी खिलाड़ियों, प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं और प्रतिभागी स्कूलों को पुरस्कृत किया गया। रविवार को सुबह दस बजे से मेला पंडाल में स्कूली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस दौरान एसजीआरआर, आदर्श पब्लिक और आदर्श विद्या मंदिर, उमा देवी पब्लिक स्कूल, लिटिल फ्लावर, हिमालयन चिल्ड्रन एकेडमी, सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर सहित आस पास के स्कूली बच्चों ने लोक संस्कृति, देश भक्ति सहित अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मेला समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि बैसाखी पर्व धार्मिक एवं पहाड़ की परंपराओं से जुड़ा है। जिसके चलते आने वाले समय में इस मेले को भव्य बनाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मेले को आर्थिक रूप से सहयोग करने की बात भी कही। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य समीर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य विनोद कुमार सिंह नेगी, नपा अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, व्यापार संघ अध्यक्ष वीरेंद्र मिंगवाल, उपाध्यक्ष पुष्कर रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश बिष्ट, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश शाह, नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विक्रम मिंगवाल, धीरेंद्र भंडारी, अनुज डिमरी आदि मौजूद थे।

खुशी जोशी के गीतों पर झूमे

बैसाखी मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में शनिवार रात्रि को लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। खास तौर पर खुशी जोशी की हिट स्याली म्यारा दगड़ा, चाह घुटकू सहित कई लोक गीतों की प्रस्तुति दी। साथ ही राकेश खनवाल और दर्शन फर्स्वाण ने भी लोक गीतों की प्रस्तुतियां दीं।

### घनसाली में आबकारी टीम ने अंग्रेजी शराब पकड़ी

नई टिहरी। चारधाम यात्रा सीजन के मद्देनजर आबकारी विभाग ने घनसाली बाजार स्थित विभिन्न होटलों और ढाबों में छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी में टीम ने दो होटल में अवैध रुप से रखी गई अंग्रेजी शराब बरामद की। विभाग ने दोनों लोगों के खिलाफ आबकारी ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घनसाली आबकारी निरीक्षक दर्शन सिंह चौहान ने बताया कि आबकारी टीम ने नगर स्थित गुसाई होटल तथा तथा बस अड्डे स्थित गुसाईं रेस्टोरेंट में छापेमारी के दौरान अभियुक्त शीशपाल गुसाईं से 73 तथा अभियुक्त विजेंद्र गुसाईं से अवैध रुप से रखे गए 54 अवैध अंग्रेजी शराब के पव्वे बरामद किए।

## मित्र के विदेश मंत्री बनने पर महाराज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दी बधाई



देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने नेपाली कांग्रेस के नेता और अपने मित्र नारायण प्रसाद सउद्ध के नेपाल के नये विदेश मंत्र बनने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने नेपाली कांग्रेस के नेता और अपने परम मित्र नारायण प्रसाद सउद्ध के नेपाल के नये विदेश मंत्र बनने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन–यूनिफाइड सोशलिस्ट अध्यक्ष माधव कुमार के इस कदम को स्वागत योग्य बताते कहा कि नारायण प्रसाद सउद्ध के विदेश मंत्री बनने से भारत–नेपाल के रिश्ते और मजबूत होंगें।

## एक नजर

### वैश्य समाज की एकता यात्रा अग्रोह धाम हरियाणा रवाना

देहरादून। वैश्य समाज की वैश्य एकता यात्रा देहरादून से हिसार हरियाणा स्थित अग्रोहा धाम के लिए रवाना हो गई है। यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई हैं। देहरादून में रविवार को अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली आकांक्षा गुप्ता भी मौजूद रहीं। प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल गोयल ने कहा कि यात्रा का आयोजन वैश्य समाज की एकता को दर्शाने के लिए हुआ है। यात्रा में शामिल होने वाली महिलाएं भेदभाव को खत्म कर मिलकर प्रगति के रास्ते पर अग्रसर होंगी और समाज का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से एकजुटता से रहने की अपील की। मौके पर महामंत्री दीपक सिंघल, कोषाध्यक्ष नितिन जैन, रमेश अग्रवाल, उपेंद्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, कुलभूषण अग्रवाल, वैभव गोयल, धनप्रकाश गोयल, महेश गुप्ता, हर्ष गर्ग, नीता गर्ग, मधु जैन, सचिन जैन, इन्द्रेश गोयल आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में लिया बयानबाजी पर फीडबैक

देहरादून। कांग्रेस में वरिष्ठ नेताओं की बयानबाजी पर रोक लगाने के लिए पहुंचे केंद्रीय पर्यवेक्षक पीएल पूनिया ने रविवार को बंद कमरे में एक एक कर पार्टी विधायकों और जिलाध्यक्षों से मुलाकात की। पूनिया ने सभी से संगठन के काम काज और आगामी चुनावों को लेकर फीडबैक लिया। पूनिया रविवार 11 बजे कांग्रेस भवन में पहुंचे, जहां पहले उनकी करीब एक घंटे तक वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह से अकेले में बात हुई। इसके बाद उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों से फीडबैक लिया। साथ ही दोपहर बाद विधायकों और विधायक प्रत्याशियों की भी राय ली। सूत्रों के अनुसार उन्होंने सभी से अनावश्यक बयानबाजी से बचने को कहा। खास बात यह है कि पूनिया के साथ ही देहरादून पहुंचे प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने इस दौरान कांग्रेस भवन से दूरी बनाए रखी।

## शिशु सदन केदारपुरम के बच्चों ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में शिशु सदन केदारपुरम के बच्चों ने भेंट की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी बच्चों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें भोजन करवाया।

इस अवसर पर शिशु सदन के बच्चों के लिए खेल एवं मनोरंजन की गतिविधियां भी आयोजित की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपने बीच देखकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे।



मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को जीवन में हमेशा परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की जिस समय जो कार्य करें, उसे पूरे मनोयोग से करें। भविष्य के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर, उस पर निरंतर आगे बढ़ते रहें। जो मेहनत करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है।

### नौठा कौथिक 13 से 15 मई तक

चमोली। गैरसैंण। आदिबदरी मंदिर का पौराणिक नौठा कौथिक आगामी 13 से 15 मई के बीच धूमधाम से मनाया जायेगा। रविवार को गढ़वाल राइफल्स कीर्तन मंडप में मंदिर समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। तथा मेले का भव्य स्वरूप देने के लिए विचार विर्मश किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष जेपी बहुगुणा की अध्यक्षता में लिए गये निर्णय के अनुसार मेलार्थियों की सुविधा के लिए शौचालय पेयजल, प्रवेश निकासी रास्ते की व्यवस्था बनाने, पार्किंग व पंडाल की उचित व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में 13 मई को स्थानीय विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व 14 मई को ममंदलों के कार्यक्रमों के साथ ही संध्या में संस्कृति विभाग व केंद्र सरकार के सांग एवं ड्रामा प्रभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## बदरीनाथ में हो रहे ध्वस्तिकरण पर भड़के तीर्थपुरोहित

नई टिहरी। मास्टर प्लान के तहत बदरीनाथ धाम में कपाट बंदी के समय बड़े स्तर पर किये ध्वस्तिकरण से तीर्थपुरोहितों व व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश बना है।

तीर्थपुराहितों ने सरकार की इस कार्रवाई को उनकी आजीविका पर सीधा कुठाराघात बताया। उन्होंने न्याय के लिए कोर्ट की शरण में जाने की बात कही है। प्रधानमंत्री मोदी का बदरीनाथ धाम को स्मार्ट स्प्रिच्युल टाउन का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसमे मास्टर प्लान के तहत काम जारी है। इससे सर्वाधिक प्रभावित तीर्थ पुरोहित समाज व व्यापारी वर्ग हुआ है। देवप्रयाग के 5 सौ से अधिक तीर्थ पुरोहित परिवार सैकडों वर्षों से बदरीनाथ धाम पर आश्रित है। श्री बदरीश पंडा पंचायत के अनुसार धाम में तीर्थ पुरोहितों के मुख्य पूजा स्थल अलकनंदा स्थित गांधी घाट को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। यहां देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को तीर्थपुरोहित तीर्थ पूजन करवाने के साथ ही यहां बने कक्षों में यजमानों की वंशवालियों भी रखते रहे हैं। लेकिन आज इसको मलबे के ढेर में बदल दिया गया है। वहीं बदरीनाथ मंदिर से बामणि मार्ग स्थित मार्किट के पूरी तरह ढहा दिये जाने से यहां दुकानें लगाने वाले व्यापारियों में भी खासा रोष बना है। मास्टर प्लान में बड़े पैमाने मे तोड़फोड़ से धाम में जीवनयापन करने वाले सैकड़ों परिवारों को इस बार काफी आर्थिक संकट झेलना पड़ सकता है।

## डीआईजी ने की मुस्लिम प्रतिनिधियों के संग बैठक

देहरादून। ईद पर्व के दौरान अमन शांति कायम रखने के लिए रविवार को डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने मुस्लिम प्रतिनिधियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने उपद्रव की कोशिश करने वालों की तत्काल पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया। डीआईजी कुंवर ने अपने कार्यालय में शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी, मुफ्ती तैयब कासमी, लताफत हुसैन, नईम कुरैशी, रजिया बेग, आकिब कुरैशी आदि के साथ बैठक की। इस दौरान ईद के दौरान अमन कायम रखने को लेकर चर्चा हुई। सभी से त्योहार मिलजुलकर मनाने की अपील की गई। कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट प्रचारित होने पर उसके खिलाफ रिपोर्ट करें। ऐसे पोस्ट पर ध्यान न देने की अपील की गई। इस दौरान एसपी सिटी सरिता डोबाल, एलआईजी प्रभारी अर्जुन सिंह शामिल रहे।

रायपुर थाने में भी हुई बैठक

उधर, ईद के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों संग बैठक की। इस दौरान पीस कमेटी के सदस्यों को बुलाया गया। भगत सिंह कॉलोनी, एमडीडीए कॉलोनी, जैन प्लॉट, वाणी विहार, अधोईवाला क्षेत्र में अमन बनाए रखने पर फोकस रहा।

### यात्रियों की जेब काटने की फिराक में बैठे चार युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। हरकी पैड़ी पुलिस ने मालवीय घाट से चार आरोपियों को चोरी और यात्रियों की जेब काटने की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी गंगा आरती के दौरान भीड़भाड़ होने पर जेब काटने की फिराक में थे। चौकी प्रभारी हरकी पैड़ी मुकेश थलेडी ने बताया कि देर रात को मुखबिर ने सूचना दी कि मालवीय घाट के पास चार युवक बैठे है, जो यात्रियों की जेब और चोरी की योजना बना रहे है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अजय पुत्र राजू निवासी बैरागी कैंप कनखल, निखिल दास पुत्र नील कान्तोदास निवासी गारोलियो दोरिवयावाडा हावडा कोलकत्ता, सत्यम कुमार पुत्र विजय शाह निवासी प्रेम विहार हरिपुर कलां रायवाला और सुधीर पुत्र नन्द किशोर निवासी सुरजीतपुर कालोनी हरदोई यूपी बताया।

## पुरानी पेंशन की मांग को देहरादून में कर्मचारियों ने निकाला संवैधानिक मार्च

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रविवार को देहरादून में राज्य कर्मचारियों ने संवैधानिक मार्च निकाला। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आन्दोलन के मंच पर परेड ग्राउंड में जुटे सरकारी कर्मचारियों ने कचहरी स्थित शहीद स्थल तक मार्च निकालकर पुरानी पेंशन बहाल की मांग बुलंद की। इसमें कई महिला कर्मचारी अपने बच्चों के साथ मार्च में शामिल हुईं। इसमें विभिन्न कर्मचारी संघों और शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्यों ने भाग लिया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जीतमणी पैन्यूली ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के लिए बुढ़ापे का सहारा है।



कर्मचारी गत चार साल से यह लड़ाई लड़ रहे हैं, इसके चलते कई राज्य पुरानी पेंशन बहाल कर चुके हैं। अब केंद्र सरकार को भी इस पर निर्णय लेना चाहिए। इस मौके पर कर्मचारी नेता मुकेश रतूडी, जगमोहन रावत, शान्तनु शर्मा, हर्षवर्धन जमलोकी, सूर्य सिंह पंवार उपस्थित हुए।

## पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षक—कर्मचारियों का प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग। पुरानी पेंशन बहाली मांग को लेकर शिक्षक–कर्मचारियों ने रुद्रप्रयाग नगर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार से शीघ्र शिक्षक–कर्मचारियों के भविष्य को देखते हुए शीघ्र पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। रविवार को एनएमओपीएस शाखा रुद्रप्रयाग के महामंत्री राजविलोचन राणा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसएस राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक–कर्मचारियों ने मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इस



दौरान उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली के लिए संवैधानिक मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी शिक्षकों द्वारा अपनी एक सूत्रीय मांग पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण बंद करने के लिए लगातार आवाज उठाई जा रही है किंतु सरकार इस पर मौन बैठी है। कहा कि यदि शीघ्र पुरानी पेंशन को बहाल नहीं किया गया तो शिक्षक–कर्मचारी बड़ा आंदोलन लड़ने को मजबूर होंगे। इस मौके पर प्राशिसं के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह झिंक्वाण, महामंत्री दिनेश भट्ट, राशिसं के ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र करासी, आयुवेर्दिक यूनानी फार्मेसिस्ट संघ के अध्यक्ष रजत कुमार, संयुक्त कर्मचारी परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष केएन भट्ट, भानुप्रताप रावत, डीसी सेमवाल, रितु नैथानी, आदिति तिवारी, दीपक भट्ट, राकेश गैरोला, समीर बगवाड़ी, आशीष शुक्ला, हरीश गिरी, प्रियंका सेमवाल, उर्मिला राणा, सतेश्वरी राणा, उर्मिला गुंसाई, दर्शन सिंह रौथाण, राजेश पुरोहित, रितु वाल्मिकी, एमपी थपलियाल सहित कई शिक्षक कर्मचारी मौजूद थे।

### चार लोगों का शांति भंग में चालान

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र के महादेवपुरम में सरेराह आपस में झगड़ रहे चार लोगों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि महादेवपुरम में झगड़ा हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि कई लोग आपस में झगड़ रहे हैं। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह नहीं माने पुलिस के सामने ही झगड़ा पर उतारू हो गए। पुलिस चारों को थाने ले आई।

## सूखी नदी में खनन कर रही पांच ट्रेक्ट्रर ट्राली पकड़ी

हरिद्वार। सिडकुल की सूखी नदी से शनिवार रात खनन अधिकारी ने आरबीएम से भरी पांच ट्रैक्टर–ट्रॉली अवैध खनन करती पकड़ ली। खनन अधिकारी की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। सभी ट्रैक्टर ट्रालियां सिडकुल पुलिस के सुपुर्द की गई है। जिन्हे सीज कर दिया गया है। खनन अधिकारी ने खनन माफियाओं के खिलाफ अवैध खनन में मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। शनिवार रात खनन अधिकारी को सूचना मिली की सिडकुल की सूखी नदी में बड़े पैमाने पर खनन हो रहा है। जब टीम मौके पर पहुची तो खनन माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भागने लगे। खनन अधिकारी और टीम ने नदी से एक के बाद एक पांच ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ ली। जबकि इतने ही ट्रैक्टर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि नदी में खनन माफियाओं ने आरबीएम उठाकर बड़े–बड़े गड्ढे बना दिए है। नदी से सटी फैक्ट्रियों को भी बरसात होने पर नुकसान पहुंच सकता है

# सलीम दुर्रानी भारतीय क्रिकेट के प्रिंस थे : सलमान खुर्शीद



नयी दिल्ली । पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सलीम दुर्रानी की याद में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

दुर्रानी का दो अप्रैल को निधन हो गया था, वह 86 साल के थे। उनके चार दशक पुराने सहयोगी इंदर मलिक की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व क्रिकेटर, क्रिकेट कोच, खेल पत्रकार, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा दिल्ली के क्रिकेट प्रेमियों ने शरीक होकर दिवंगत दुर्रानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने दिवंगत दुर्रानी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके साथ बिताए हुए पलों को याद कर कहा कि सलीम जी एक ऐसे व्यक्ति थे जिनकी जितनी ही प्रशंसा की जाए कम पड़ जाएगी। उन्होंने कहा, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) बीयर की तरह है जबकि सलीम दुर्रानी वाइन की पूरी बोतल की तरह थे। मैं भी क्रिकेटर बनना चाहता था और सलीम साहब को खेलता देखने के लिये सेंट स्टीफेंस कॉलेज से भाग कर रणजी मैच देखने रेलवे स्टेडियम गया था। उनका जलवा ही अलग था।

खेल पत्रकार राकेश थपलियाल ने सलीम दुर्रानी के साथ बिताए पलों के बारे में कहा, मैं हिंदुस्तान अखबार में काम करता था तो सलीम साहब और इंदर मलिक वहां आते थे। एक बार मैंने सलीम साहब को बताया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टेस्ट क्रिकेटर की विधवा को भी पेंशन देता है।इस पर उन्होंने कहा, तब तो मैं एक और शादी कर सकता हूं। तब मैंने कहा कि ऐसे में आप तीन माह ही जिंदा रहोगे। उन्होंने पूछा क्यों? मैंने कहा, जो पेंशन के लालच में आप से शादी करेगी, वह आपको जितना जल्दी होगा, मार देगी। यह सुनकर वह बोले, तब तो शादी रहने ही दो। लेकिन क्या ऐसा हो सकता है कि मेरे मरने के बाद मेरी बहन को पेंशन मिल जाए। मेरी बहन ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व टेस्ट क्रिकेटर मदनलाल और दिल्ली रणजी खिलाड़ी वेंकट सुंदरम ने भी शरीक होकर उन्हें श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किये। आयोजक इंदर मलिक ने बताया कि दुर्रानी का ज्यादातर समय दिल्ली में ही गुजरा और पिछले चार दशक से वह सीधे तौर पर उनके साथ जुड़े रहे।

उन्होंने कहा, ऐसे महान दिग्गज अपने प्रशंसकों के बीच यादों का पिटारा छोड़ते हुए दुनिया से रुखसत कर गये, जिनकी बस अब सिर्फ यादें रह गई हैं। सलीम दुर्रानी एक हर दिल अजीज इंसान थे। एक बार जो उनके संपर्क में आ गए, उनके नजदीक से फिर उठने को उनका दिल नहीं करता था।

## उत्तरांचल ने यंग बंगाल को रौंदा



नयी दिल्ली । उत्तरांचल हीरोज़ ने फुटबॉल दिल्ली बी–डिवीजन लीग में यंग बंगाल एसोसिएशन को 5–1 से परास्त कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

दिन के अन्य मुकाबलों में ग्लोरियस एफसी ने गोल्डन स्टार्स को 3–2 से, ईव्स एफसी ने हंस क्लब को 1–0 से और यूनियन क्लब ने स्टेट बैंक को 1–0 से परास्त किया।अंबेडकर स्टेडियम पर बीती देर शाम दिल्ली कैंट, कॉसमॉस और कॉलेजियंस फुटबाल क्लब ने संघर्षपूर्ण मैचों में जीत दर्ज कर पूरे अंक अर्जित किये।कैंट ने एंडी हीरोज को 2–1 से, कॉसमॉस ने अशोका को भूपिंदर के गोल से 1–0 से और कॉलेजियंस ने कुशाग्र उप्रेती और साहिल के गोलों से रोहिणी एफसी को दो गोलों से हराया।

## एक मैदान पर सर्वाधिक टी20 अर्द्धशतक बनाने का रिकॉर्ड कोहली के नाम



बेंगलुरु । रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में एक स्थल पर सर्वाधिक अर्धशतक दर्ज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

कोहली ने आरसीबी के घरेलू मैदान पर अपना 25वां टी20 अर्धशतक जमाकर यह कीर्तिमान रचा, जबकि इससे पहले यह रिकॉर्ड नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में 24 अर्धशतक जड़ने वाले एलेक्स हेल्स के नाम था।

आरसीबी के पूर्व कप्तान ने 33 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 34 गेंद 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

आईपीएल 2023 में कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर तीन मैचों में तीन अर्द्धशतक बना चुके हैं। उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 44 गेंद पर 61 रन बनाने से पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाकर अपने अभियान की शुरुआत की थी।

कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 22 अर्द्धशतक और तीन शतक बनाए हैं। यह स्थल आईपीएल में कोहली के लिये एक यादगार मैदान रहा है क्योंकि उन्होंने यहां 2,539 रन बनाए हैं, जिसमें 19 अर्द्धशतक और तीन शतक शामिल हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, कोहली बेंगलुरु में पांच मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बना सके हैं। उन्होंने चैंपियन्स ट्रॉफी 2011 के दौरान इस मैदान पर दो अर्द्धशतक बनाये थे।

## सिकंदर, शाहरुख ने दिलाई पंजाब को जीत



लखनऊ,। कप्तान सैम करन (31/3) की चतुर गेंदबाजी के बाद सिकंदर रज़ा (41 गेंद, 57 रन) के शानदार अर्द्धशतक और शाहरुख खान (10 गेंद, 23 रन) की आक्रमक बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से मात दी।

सुपरजायंट्स ने कप्तान केएल राहुल (74) के अर्द्धशतक की मदद से पंजाब के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा। पंजाब ने यह लक्ष्य आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर हासिल कर लिया।

पंजाब के गेंदबाजों ने बेहतरीन अनुशासन का प्रदर्शन करके सुपरजायंट्स के बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। राहुल ने सुपरजायंट्स के लिये सर्वाधिक 74 रन बनाये, लेकिन उन्होंने इसके लिये 56 गेंदें खेलीं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए रज़ा ने पंजाब के लिये 41 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाये, हालांकि 18वें ओवर में उनके आउट होने के बाद भी पंजाब जीत से 21 रन दूर थी। युवा बल्लेबाज शाहरुख ने अपनी टीम को लक्ष्य तक ले जाने का जिम्मा लिया। उन्होंने अपनी 23 रन की महत्वपूर्ण पारी में 10 गेंद पर एक चौका और दो छक्के जड़े। पंजाब को आखिरी ओवर में सात रन चाहिये थे और शाहरुख ने शुरुआती दो गेंदों पर दो–दो रन भागने के बाद तीसरी गेंद पर चौका जडक़र पंजाब की विजय पताका लहराया।

## विराट कोहली की आरसीबी का स्टार खिलाड़ी आईपीएल से हुआ बाहर, बीसीसीआई सर्जरी के लिए भेजेगा इंग्लैंड

नई दिल्ली ,। आईपीएल 2023 की शुरुआत में ही आरसीबी के खिलाड़ी रजत पाटीदार के चोटिल होने की खबर सामने आई थी। मध्य प्रदेश के इस स्टार क्रिकेटर को चोट की वजह से पूरे आईपीएल से बाहर होना पड़ा। मेडिकल जांच में पाया गया कि रजत पाटीदार को बाईं एड़ी की सर्जरी की जरूरत पड़ेगी। अब इसको लेकर एक बड़ी ख़बर सामने आई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने कहा है कि वह रजत पाटीदार की सर्जरी का सारा खर्च उठाएगा। इसकी जानकारी एक बीसीसीआई अधिकारी ने दी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह बताया गया कि बीसीसीआई रजत पाटीदार को सर्जरी के लिए इंग्लैंड भेजेगा। हालांकि, वह सैंट्रल कांट्रेक्ट लिस्ट में नहीं है, लेकिन वह एक टार्गेटेड खिलाड़ी है। वह यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें बेहतर इलाज मिले। उन्हें कुछ दिन पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शामिल किया गया था, लेकिन वह डेब्यू नहीं कर सके थे।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने एक स्टेटमेंट में कहा था कि दुर्भाग्य से रजत पाटीदार एड़ी की चोट के कारण आईपीएल 2023 से बाहर हो चुके हैं।

हम उम्मीद करेंगे कि रजत जल्दी ठीक हो जाए, हम इस प्रक्रिया में उनका साथ देंगे। बता दें कि रजत पाटीदार वही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने साल 2022 में आरसीबी के लिए प्लेऑफ में शानदार शतक जड़ा था।

## दिल्ली की लगातार पांचवीं हार



बेंगलुरु । रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली (50) के अर्द्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से मात दी।

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के सामने 175 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 151 रन तक ही पहुंच सकी।कोहली ने 34 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की सहायता से 50 रन बनाते हुए आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी, हालांकि टीम का मध्यक्रम इसका लाभ नहीं उठा सका। शुरुआती 12 ओवर में 110 रन बनाने वाली आरसीबी मध्यक्रम की असफलता के कारण अंतिम आठ ओवर में 64 रन ही जोड़ सकी।

चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 175 रन का मामूली लक्ष्य भी दिल्ली के लिये बहुत बड़ा साबित हुआ। दिल्ली ने अपने तीन विकेट मात्र दो रन के स्कोर पर गंवा दिये, जबकि 53 रन पर उनकी आधी टीम पवेलियन लौट गयी। मनीष पांडे ने 38 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के के साथ 50 रन बनाये लेकिन उनके आउट होते ही मेहमान टीम की सभी उम्मीदें भी समाप्त हो गयीं।यह आईपीएल के पांच मैचों में दिल्ली की पांचवीं हार है और वह अब भी अंक तालिका में खाता नहीं खोल सकी है।

# फिल्मी सफर

## रानी मुखर्जी मर्दानी 3 के साथ करेंगी वापसी, अभिनेत्री ने दिया बड़ा अपडेट



बॉलीवुड इंडस्ट्री की चहीती एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की हालिया रिलीज फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई है। इस फिल्म में रानी ने एक ऐसी मां की भूमिका निभाई, जो अपने बच्चे की कस्टडी पाने के लिए हर मुश्किल से लड़ जाती है। वहीं, रानी ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में इस फिल्म को लेकर बात की है। साथ ही अपनी सुपरहिट मूवी 'मर्दानी' की फ्रेंचाइजी 'मर्दानी 3' पर भी बड़ा अपडेट देती नजर आई हैं। गौरतलब हो कि 'मर्दानी' में रानी मुखर्जी ने पुलिस आफिसर की भूमिका निभाई थी।

इस फिल्म में उनके हटके किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा और मूवी फ्रेंचाइजी को काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब लेटेस्ट इंटरव्यू में रानी ने 'मर्दानी 3' पर बात की है। दरअसल, एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह फिर से पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाना पसंद करेंगी। तो इस पर रानी ने कहा जरूर लेकिन उसके लिए आकर्षक कहानी होनी चाहिए। रानी मुखर्जी ने मर्दानी फ्रेंचाइजी को लेकर कहा, हां, मैं वास्तव में वापस से शिवानी शिवाजी रॉय का रोल निभाना चाहती हूं। लेकिन यह सब स्टोरीलाइन और स्क्रिप्ट पर निर्भर करता है और अगर हमें तीसरी किस्त के साथ जाने के लिए एक बहुत ही दिलचस्प कहानी मिलती है, तो मुझे लगता है कि शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापस आना आकर्षक होगा क्योंकि मुझे भी इस भूमिका को निभाने में बहुत मजा आता है।

रानी मुखर्जी ने स्क्रिप्ट के चयन पर अपनी बात रखते हुए कहा, मुझे लगता है। मैं दुनिया भर के सिनेमाघरों को देखती हूं– क्या आ रहा है और लोग किस तरह का काम कर रहे हैं। हमेशा उन फिल्मों और कहानियों से जुड़ना चाहूंगी जो मुझे लगता है कि लोगों को पता होनी चाहिए। यह मेरा मानदंड है और यह बार–बार नहीं आता है। समय लगता है। इसलिए जितना समय मैं अपनी अगली फिल्म के लिए निर्णय लेने में लेती हूं, उतना ही समय किसी को कहानी के साथ आने में भी लगता है।

## अलाया एफ की यू–टर्न का ट्रेलर रिलीज, 28 अप्रैल को ओटीटी प्लेट-फॉर्म जी5 पर देगी दस्तक

अलाया एफ ने बहुत कम वक्त में इंडस्ट्री में अपने पैर जमा लिए हैं। इन दिनों उनकी कई फिल्में पाइपलाइन में है, जिसमें से एक यू–टर्न है। अब निर्माताओं ने यू–टर्न का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें अलाया एकदम अलग अंदाज में दिखाई दे रही हैं। यू–टर्न का प्रीमियर 28 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर किया जाएगा। यह फिल्म आरिफ खान द्वारा निर्देशित है, जबकि इसका निर्माण एकता कपूर ने किया है।

यू–टर्न में अलाया के अलावा प्रियांशु पेनयुली भू मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। यह कन्नड़ फिल्म यू–टर्न का हिंदी रीमेक है, जिसमें श्रद्धा श्रीनाथ ने अहम भूमिका निभाई थीं। यह फिल्म साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म यू–टर्न की कहानी एक फ्लाईओवर पर ट्रैफिक नियम तोडऩे वाले बाइक सवारों की मौत के इर्द–गिर्द घूमती है।

## किक–बॉक्सिंग ने मुझे हंटर में एक्शन सीक्वेंस करने में की मदद : ईशा देओल



बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने वेब सीरीज हंटर– टूटेगा नहीं तोड़ेगा में दिव्या के किरदार को निभाते हुए अपना बेस्ट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

उन्होंने शो की शूटिंग के हर पल का आनंद लिया और कुछ यादें साझा कीं, जो उनके लिए रोमांचकारी और यादगार हैं।

एक्ट्रेस ने कहाः मैंने किक–बॉक्सिंग की काफी प्रैक्टिस की, जिससे मुझे एक्शन सीन को करने में काफी मदद मिली। इसके अलावा, मैंने अपने एक्शन सीन के आउटपुट को बढ़ाने के लिए नॉन–कॉम्बैट एक्शन ट्रेनिंग शुरु की। इसके अलावा, लुक में भी बदलाव किया गया, क्योंकि जिसका मैं किरदार निभा रही हूं, वह एक आम लडक़ी नहीं है, वह एक मिशन पर है, इसलिए लुक बेहद जरुरी हैं।ईशा, जिन्होंने कोई मेरे दिल से पूछे से अभिनय की शुरूआत की, और बाद में धूम, काल, दस और नो एंट्री में काम किया, ने सेट के कुछ पल साझा किए।उन्होंने कहाः हमने धोबी घाट में शूटिंग की, एक ऐसी जगह जहां मैं आमतौर पर नहीं जाती, इसलिए छत पर चलना और वहां से मुंबई को देखना रोमांचक था। मेरे लिए हंटर के सेट पर हर दिन अद्भुत रहा। एनर्जी भरपूर थी, और हर कोई एक्टिव था।इस शो में एसीपी विक्रम सिन्हा के रूप में सुनील शेट्टी, दिव्या (फ्रीलांस जर्नलिस्ट) के रूप में ईशा देओल, पुलिस एसएचओ हुड्डा के रूप में राहुल देव, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत, स्मिता जयकर और पवन चोपड़ा के साथ हैं।

## सोरारई पोटरु का हिंदी संस्करण 1 सितंबर को सिनेमाघरों में होगा रिलीज, अक्षय कुमार निभाएंगे अहम किरदार

हिंदी सिनेमा के दमदार कलाकार अक्षय कुमार आने वाले समय में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं. अक्की की इन अपकमिंग फिल्मों में साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म सोरारई पोटरू का हिंदी रीमेक भी शामिल है. मंगलवार को अक्षय कुमार ने अपनी इसी फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है. हालांकि फिल्म का टाइटल अभी रिवील नहीं किया है. सोरारई पोटरू के रीमेक के इस पोस्टर को लेकर लोग सोशल मीडिया पर तरह–तरह के कमेंट कर रहे हैं.

अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर सोरारई पोटरू के हिंदी रीमेक का फर्स्ट लुक पोस्टर रिवील किया है. इस पोस्टर में आप देख सकते हैं कि अक्षय कुमार एक पायलट के लुक में दिखाई दे रहे हैं. इस पोस्टर के साथ अक्की ने लिखा है कि– टेक ऑफ के लिए हम तैयार हैं. प्रोडेक्सन नंबर 27 (अनटाइटल) 1 सितंबर 2023 को वर्ल्डवाइड सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है.इस पोस्टर पर आप साउथ सुपरस्टार सूर्या का नाम आसानी से देख सकते हैं. इससे ये साफ कहा जा सकता है कि अक्की की अगली फिल्म का ये पोस्टर सूर्या की सोरारई पोटरू के हिंदी रीमेक का ही है. अक्षय कुमार के अलावा इस फिल्म में बॉलीवुड कलाकार परेश रावल और एक्ट्रेस राधिका मदान भी लीड रोल में मौजूद हैं.

जैसे ही अक्षय कुमार ने अपनी इस अपकमिंग फिल्म का पोस्टर ट्विटर पर शेयर किया है. उसके बाद से लोगों के रिएक्शन आने शुरू हो गए हैं. जिसके चलते एक ट्विटर यूजर ने अक्की के ट्वीट पर कमेंट कर लिखा है कि– क्या सर फिर से एक और रीमेक, कुछ तो ओरिजनल लाओ, ये सब फिल्में आप ओटीटी पर डाल दो, आपका स्टारडम खत्म हो गया है अब. दूसरे यूजर ने लिखा है कि– सोरारई पोटरू में सूर्या ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी है प्लीज अक्की आप उनकी लाज रख लेना. इस तरह से लोग अपनी बात रख रहे हैं.

## शाहिद कपूर की ब्लडी डैडी का टीजर जारी, 9 जून को जियो सिनेमा पर होगा प्रीमियर



बॉलीवुड के 'कबीर सिंह' शाहिद कपूर साल 2023 में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. एक्टर की कई बैक टू बैट फिल्में आने वाली हैं. फिलहाल एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. बीते दिन फिल्म का धांसू पोस्टर रिलीज किया गया था जिसमें शाहिद का इंटेंस लुक काफी इम्प्रेसिव था. वहीं आज फिल्म का धमाकेदार टीजर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है.

फिल्म का टीजर अपने नाम की तरह ही खून से लथपथ है. टीचर की शुरुआत शाहिद से होती है इसके फौरन बाद उनके हाथ में चाकू नजर आता है और फिर शाहिद एक के बाद एक लोगों को मारते नजर आते हैं. फिल्म का टीजर देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि शाहिद एक बार फिर अपने खतरनाक वहीं टीजर को जारी करते हुए शाहिद ने कैप्शन में रिलीज डेट भी अनाउंट की है. कैप्शन में लिखा है, फिल्मों में एक ब्लडी गुड टाइम के लिए रेडी हो जाइए. ब्लडी डैडी 9 जून 2023 को जियो सिनेमा पर. यानी ये फिल्म थिएट्रिकल रिलीज की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर डायरेक्ट रिलीज होगी.वहीं बीते दिन शाहिद ने ब्लडी डैडी का पोस्टर कर फिल्म में अपना फर्स्ट लुक रिवील किया था. पोस्चर में शाहिद एंग्री अवतार में नजर आ रहे हैं. उनकी नाक पर चोट का निशान, आंखों में गुस्सा और शर्ट के कॉलर पर खून लगा नजर आ रहा है. शाहिद के इस इंटेंस लुक को देखन के बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं.

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338